Web Portal
www.ghatatighatana.com
G.G. News
सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ के लिए एक प्रकाशन...

# घटती घटना

RNI REG.NO.-CHHHIN/2004/15050
डाक पंजीयन क्रमांक- 013/रायगढ़/2020-2022

अम्बिकापुर , वर्ष 19,अंक -39 शुक्रवार ,09 दिसम्बर 2022, पृष्ठ -8 मूल्य 2 रूपये

**ज्ञान की बातें**

*कोई भी क्रिया अकारण नहीं होती,कारण से ही क्रिया की उत्पत्ति होती है।*
-चाणक्य-

# गुजरात में बीजेपी,तो हिमाचल में कांग्रेस का दबदबा

**» गुजरात में भाजपा की सबसे बड़ी जीत,**
**» नड्डा बोले-नई पार्टी के नेता जनता से माफी मांगे**

**गांधीनगर/शिमला ,08 दिसंबर 2022 (ए)।**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि जनता जनार्दन का आशीर्वाद अभिभूत करने वाला है। जेपी नड्डा के नेतृत्व में भाजपा के कार्यकर्ताओं ने जो परिश्रम किया है उसकी खुशबू चारों तरफ महसूस कर सकते हैं। मैं गुजरात, हिमाचल प्रदेश और दिल्ली की जनता का विनम्र भाव से आभार व्यक्त करता हूं।
उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश के चुनाव में एक प्रतिशत से भी कम अंतर से हार-जीत का फैसला हुआ है। इतने कम अंतर से हिमाचल प्रदेश में कभी नतीजे नहीं आए हैं। हिमाचल में हर 5 साल में सरकार बदली है लेकिन हर बार 5-7त्न के अंतर से सरकार बदली है। जहां भारतीय जनता पार्टी प्रत्यक्ष नहीं जीती, वहां भाजपा का वोट शेयर भाजपा के प्रति स्नेह का साक्षी है। मैं गुजरात, हिमाचल और दिल्ली की जनता का विनम्र भाव से आभार व्यक्त करता हूं।
उन्होंने कहा कि भाजपा के प्रति ये स्नेह देश के अलग अलग राज्यों के उपचुनाव में भी दिख रहा है। उत्तर प्रदेश के रामपुर में भाजपा को जीत हासिल हुई है। बिहार के उपचुनावों में भाजपा का प्रदर्शन आने वाले दिनों का स्पष्ट संदेश है।
उन्होंने कहा कि हमारे पूर्वजों ने एक कहावत कही है, आमदनी अठन्नी, खर्चा रुपया%। अगर यह हिसाब रहेगा तो क्या स्थिति होगी यह हम अपने आस-पास के देशों में देख रहे हैं। आज इसलिए देश सतर्क है। देश के हर राजनीतिक दल को यह याद रखना होगा कि चुनावी हथकंडों से किसी का भला नहीं हो सकता।

### भाजपा की जीत पर नड्डा ने क्या कहा?

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि जब हम गुजरात के नतीजे देखते हैं तो यह जीत प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व मिली है। सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मूलमंत्र को लेकर जिस अथक प्रयास के साथ गुजरात और देश की जनता की सेवा की वह हमें प्रचंड जीत में दिखती है।



उन्होंने कहा कि एक नई पार्टी गुजरात का आपमान करने के लिए आई। वह नई पार्टी क्या करती थी? उनके एक नेता पेपर लेकर आए और भविष्यवाणी करते थे कि गुजरात में सरकार उनकी पार्टी की आ रही है। ऐसा नेता जो जनता की आंखों में धूल झोंक ता हो उसे लोगों से माफी मांगनी चाहिए।
उन्होंने कहा कि भाजपा ने गुजरात में 52.5 प्रतिशत वोट और 157 सीट हासिल की, तो वहीं कांग्रेस 41.4त्न से घटकर 27.3त्न प्रतिशत पर आ गई है। वंशवाद, परिवारवाद, अकर्मण्य नेता व गैर जिम्मेदारना विपक्ष के कारण कांग्रेस की ये हालत हुई है।

## संक्षिप्त खबरें



### कमिश्नर संजय पांडेय को हाईकोर्ट से मिली जमानत

**नई दिल्ली ,08 दिसंबर 2022 (ए)।** दिल्ली हाई कोर्ट ने नेशनल स्टॉक एक्सचेंज में कथित फोन टैपिंग के संबंध में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा दर्ज धन शोधन मामले में मुंबई के पूर्व पुलिस प्रमुख संजय पांडेय को जमानत दे दी। न्यायमूर्ति जसमीत सिंह ने शर्तों के साथ जमानत दी है। ईडी ने इस साल सितंबर में 2009 और 2017 के बीच एनएसई कर्मचारियों के फोन टैपिंग से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग की रोकथाम के मामले में दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट में चार्जशीट दायर की थी।

### उत्तर पुस्तिका में गलत रोल नंबर लिखने पर भी उम्मीदवार का चयन




**कोलकाता ,08 दिसंबर 2022 (ए)।**पश्चिम बंगाल में शिक्षक भर्ती घोटाले में भ्रष्टाचार का एक और नया आयाम सामने आया है। 2016 में शिक्षक भर्ती परीक्षा की उत्तर पुस्तिका में अपना रोल नंबर गलत लिखने के बावजूद एक उम्मीदवार को सरकारी स्कूल में 9वीं और 10वीं कक्षा को पढ़ाने के लिए नियुक्त कर लिया गया। यह खुलासा चौंकाने वाला है, क्योंकि नियमों के मुताबिक, अगर संबंधित उम्मीदवार अपना रोल नंबर गलत लिखता है, भले ही उसने शत-प्रतिशत सही उत्तर दिया हो, फिर भी उत्तर पुस्तिका को रद्द कर दिया जाता है।

### लद्दाख और कश्मीर घाटी में जमा देने वाला तापमान जारी



**श्रीनगर ,08 दिसंबर 2022 (ए)।** जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में पिछले 24 घंटों के दौरान शुष्क, ठंडा मौसम जारी रहा, क्योंकि गुरुवार को घाटी में जलाशय आंशिक रूप से जम गए।
मौसम विभाग के एक अधिकारी ने कहा, पिछले 23 घंटों के दौरान जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में आंशिक रूप से बादल छाए रहने के साथ शुष्क, ठंडा मौसम जारी रहा। अगले 24 घंटों के दौरान आंशिक रूप से बादल छाए रहने के साथ शुष्क मौसम जारी रहने की संभावना है।
कश्मीर घाटी में लगातार सब-जीरो तापमान के कारण डल, नगीन और मनसबल झील जैसे प्रमुख जल निकाय आंशिक रूप से जम गए हैं।श्रीनगर में गुरुवार को न्यूनतम तापमान शून्य से 2.8, पहलगाम में शून्य से 3.6 और गुलमर्ग में शून्य से 2.8 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया।
लद्दाख क्षेत्र में कारगिल में न्यूनतम तापमान माइनस 12.1 और लेह में माइनस 8.2 रहा। जम्मू में 7.6, कटरा में 8, बटोटे में 4.2, बनिहाल में माइनस 0.2 और भद्रवाह में 1.8 न्यूनतम तापमान रहा।

## हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस ने 40 सीट जीतकर बहुमत हासिल की



हिमाचल प्रदेश में पांच साल बाद सरकार बदलने का रिवाज जारी है। इसका फैसला हो चुका है। गुरुवार को विधानसभा चुनाव के लिए हुई मतगणना के नतीजों में कांग्रेस ने 40 सीटें जीतकर स्पष्ट बहुमत हासिल कर लिया है। वहीं, 25 सीटों पर ही सिमट गई। तीन सीटों पर निर्दलियों ने जीत हासिल की है। इस बार एक मात्र महिला प्रत्याशी जीत कर विधानसभा पहुंची हैं। हालांकि, भाजपा की एक प्रतिशत से भी कम मतों के अंतर से हार हुई है। कांग्रेस को 43.90 और भाजपा को 43.00 प्रतिशत वोट पड़े। इस बार चुनावी मैदान में कुल 412 प्रत्याथी थे। मतगणना के लिए सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए थे।
कुछ मतगणना केंद्रों के बाहर सुरक्षा बलों ने ड्रोन से भी निगरानी की। राज्य की चौदहवीं विधानसभा के लिए 12 नवंबर को मतदान हुआ था। 8 दिसंबर को सुबह 8ः00 बजे 68 केंद्रों पर कड़े सुरक्षा घेरे और सीसीटीवी की कड़ी निगरानी में मतगणना शुरू हुई। हर मतदान केंद्र पर लगभग 50 कर्मचारियों की तैनाती की गई थी। 10 में से आठ मंत्री चुनाव हार गए हैं। केवल दो मंत्री सुखराम चौधरी और बिक्रम सिंह ही जीत पाए हैं। एक अन्य मंत्री महेंद्र सिंह ठाकुर के बेटे रजत ठाकुर ने भी उनकी परंपरागत सीट गंवा दी है।

## हिमाचल के सीएम ने दिया इस्तीफा

हिमाचल प्रदेश में 10 में 8 मंत्री हारे, नए सीएम के लिए मंथन शुरू, भूपेश बघेल चंडीगढ़ पहुंचे
हिमाचल प्रदेश में हार के बाद सीएम जयराम ठाकुर ने इस्तीफा दे दिया है। चुनाव में जयराम के अलावा दो मंत्री बिक्रम ठाकुर और सुखराम चौधरी ही चुनाव जीत पाए। बाकी आठ मंत्री चुनाव हार गए। कांग्रेस ने 40 सीटें जीतकर अब सरकार बनाने का प्रक्रिया शुरू कर दी है। सीएम के चयन के लिए मंथन शुरू हो गया है। हिमाचल के कांग्रेस प्रभारी राजीव शुक्ला, चीफ ऑब्जर्वर छत्तीसगढ़ के सीएम भूपेश बघेल और हरियाणा के पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा चंडीगढ़ पहुंच गए हैं। सीएम चयन के लिए शुक्रवार को विधायकों की बैठक बुलाई गई है। फिलहाल जो दो नाम सबसे 'यादा चर्चा में हैं, उनमें पूर्व मु यमंत्री वीरभद्र सिंह की पत्नी प्रतिभा सिंह और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुखविंदर सिंह सुक्खू शामिल हैं। प्रतिभा सिंह वर्तमान में हिमाचल कांग्रेस की अध्यक्ष हैं और मंडी लोकसभा से सांसद भी हैं।



### हर बार बदलाव का रिवाज कायम

हिमाचल प्रदेश में हर बार नई सरकार को मौका देने का रिवाज कायम रहा। सत्ताधारी पार्टी भाजपा 25 सीटों पर सिमट गई, जबकि कांग्रेस ने बहुमत के लिए जरूरी ×5 का आंकड़ा पार कर 40 सीटें जीती हैं। भाजपा को 2017 के मुकाबले 19 सीटों का नुकसान हुआ है। तीन सीटों पर निर्दलीय विधायक जीतकर आए हैं। आम आदमी पार्टी यहां खाता भी नहीं खोल पाई। हर बार सरकार बदलने के साथ-साथ मंत्रियों के हारने का भी रिकॉर्ड कायम है। इस बार 8 मंत्री हारे हैं। इनमें सुरेश भारद्वाज, रामलाल मारकंडा, वीरेंद्र कंवर, गोविंद सिंह ठाकुर, राकेश पठानिया, डॉ. राजीव सैजल, सरवीण चौधरी, राजेंद्र गर्ग शामिल हैं।




## सीबीआई ने 2017 से अब तक विधायकों-सांसदों के खिलाफ दर्ज किए 56 मामले

**नई दिल्ली 08 दिसंबर 2022 (ए)।** जनसेवक का मुखौटा पहन झूठे वायदे और प्रलोभन देकर नेता बनने वाले 56 विधायकों और सांसदों का असली चेहरा सामने आ चुके हैं और उन पर कानूनी शिकंजा कसा गया है। सीबीआई ने साल 2017 से 3 अक्टूबर 2022 तक की अवधि के दौरान विधायकों और सांसदों के खिलाफ 56 मामले दर्ज किए हैं। कार्मिक मंत्रालय ने संसद में एक लिखित जवाब में बताया कि सीबीआई के द्वारा दर्ज 56 मामलों में से 22 मामलों में चार्जशीट दायर की जा चुकी है। राज्य-वार आंकड़ों से पता चलता है कि सबसे अधिक 10 मामले आंध्र प्रदेश, उत्तर प्रदेश और केरल में 6-6 मामले दर्ज हैं। इसी तरह पश्चिम बंगाल और अरुणाचल प्रदेश में सीबीआई ने विधायकों या सांसदों के खिलाफ 5-5 मामले दर्ज किए हैं।कार्मिक मंत्रालय के लिखित जवाब के अनुसार, इस अवधि के दौरान अपराध सिद्धि की दर 66.90 प्रतिशत से 69.83 प्रतिशत के बीच रही है। यह दर साल 2017 में यह 66.9 थी, जबकि 2018 में यह बढ़कर 68, 2019 में 69.19 और 2020 में 69.83 प्रतिशत हो गई। हालांकि, साल 2021 के दौरान दोषि ठहराए जाने की दर घटकर 67.56 प्रतिशत पर आ गई।

## एलन मस्क के कमान संभालते ही ट्विटर में छंटनी का सिलसिला जारी

**डिप्टी जनरल काउंसिल जेम्स बेकर को भी नौकरी से बाहर**

**नई दिल्ली,08 दिसंबर 2022 (ए)।** ट्विटर की कमान संभालते ही एलन मस्क ने कई बड़े फैसले लिए जिसका सिलसिला अभी भी जारी है। दरअसल, एलन ने ऐलान किया है कि उन्होंने माइक्रोब्लॉगिंग वेबसाइट के डिप्टी जनरल काउंसिल जेम्स बेकर को नौकरी से निकाल दिया है। एलन मस्क ने ट्वीट कर जानकारी दी। मस्क का कहना है कि उन्होंने अपनी भूमिका में रहते हुए सूचनाओं को दबाने और गलत ढंग से पेश करने का काम किया है।बता दें कि इससे पहले एलन ने अपने लगभग 50त्न कर्मचारियों को निकाल दिया है। एलॉन मस्क के अधिग्रहण के तुरंत बाद ट्विटर ने वैश्विक लागत-कटौती के एक हिस्से के रूप में कर्मचारियों को निकालने की घोषणा की थी। जिसके तहत कंपनी ने 4 नवंबर को अपने 50त्न कर्मचारियों यानी करीब लगभग 3700 लोगों को बर्खास्त कर दिया था।इसके अलावापिछले हफ्ते मस्क के साथ मिलकर जर्नलिस्ट मैट टैबी ने ÷ट्विटर फाइल्स÷ जारी किया है। यह मुख्य रूप से राजनेताओं के साथ लिंक का खुलासा करने के लिए कंपनी के अंदर हुई बातचीत का एक डॉक्यूमेंट था। ट्विटर फाइल्स के अनुसार, ट्विटर के डिप्टी जनरल काउंसिल जेम्स बेकर इस विषय पर चर्चा में भाग लिया कि क्या लैपटॉप की स्टोरी ट्विटर की ÷हैक मटेरियल÷ पॉलिसी के तहत आती है।





## प्लेटफॉर्म में फंसी आंध्र के छात्रा की मौत

**गुंटूर ,08 दिसंबर 2022 (ए)।** दुव्वाडा रेलवे स्टेशन पर प्लेटफॉर्म और ट्रेन के बीच की खाई में फंसने के एक दिन बाद, 20 वर्षीय शशिकला की गुरुवार, 8 दिसंबर को विशाखापत्तनम के एक अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। बुधवार को गुंटूर-रायगढ़ा एक्सप्रेस से उतरते समय ट्रेन रिपोर्टों के अनुसार, घटना के परिणामस्वरूप उसे रक्तस्राव हुआ और उसका मूत्राशय घायल हो गया।
एमसीए (कंप्यूटर एप्लीकेशन में परास्नातक) की प्रथम वर्ष की छात्रा, वह कॉलेज जा रही थी और अन्नावरम से दुव्वाडा पहुंची थी। प्लेटफॉर्म पर उतरते वक्त उनका पैर फिसल गया और वह प्लेटफॉर्म और ट्रेन के बीच फंस गई और उनका पैर मुड़ गया और ट्रैक में फंस गई। रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के कर्मियों द्वारा बचाव कार्य शुरू किए जाने के बाद भी घायल छात्रा मदद के लिए रोती रही।
स्टेशन के अधिकारियों ने ट्रेन चालक को आदेश दिया था कि वह उसे बाहर निकालने में मदद करने की कोशिश करते हुए यात्रा को फिर से शुरू न करे। छात्र को बाहर निकालने के लिए उन्होंने मंच का एक हिस्सा तोड़ दिया। करीब डेढ़ घंटे तक ऑपरेशन चला।

## विश्व की 100 सबसे ताकतवर महिलाओं की सूची में भारत की वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण भी शामिल

**नई दिल्ली 08 दिसंबर 2022 (ए)।** भारत की महिलाएं प्रतिभा की धनी हैं। प्रतिभा के दम पर सभी क्षेत्रों में पुरुषों के बराबर काम कर रहीं है और अपनी प्रतिभा को दुनिया भर में प्रदर्शित कर देश का नाम रौशन कर रही हैं। फोर्ब्स की दुनिया की 100 सबसे ताकतवर महिलाओं की सूची में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, बायोकॉन की कार्यकारी चेयरपर्सन किरण मजूमदार-शॉ और नाइका की संस्थापक फाल्गुनी नायर को जगह मिली है। इस वार्षिक सूची में कुल छह भारतीय महिलाओं ने जगह बनाई है। सीतारमण इस बार 36वें स्थान पर रहीं और उन्होंने लगातार चौथी बार इस सूची में जगह बनाई है। इससे पहले 2021 में वह 37वें स्थान पर थीं। वह 2020 में वह 41वें और 2019 में 34वें स्थान पर थीं। फोर्ब्स द्वारा मंगलवार को जारी इस सूची के अनुसार इस साल मजूमदार-शॉ 72वें स्थान पर हैं, जबकि



नायर 89वें स्थान पर हैं। सूची में शामिल अन्य भारतीयों में एचसीएल टेक की चेयरपर्सन रोशनी नादर मल्होत्रा , भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड की चेयरपर्सन माधवी पुरी बुच और स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया (सेल) की चेयरपर्सन सोमा मंडल शामिल हैं। मल्होत्रा, मजूमदार-शॉ और नायर ने पिछले साल भी इस सूची में क्रमशः 52वां, 72वां और 88वां स्थान हासिल किया था। सूची में 39 सीईओ और 10 राष्ट्राध्यक्ष शामिल हैं। इसके अलावा इसमें 11 अरबपति शामिल हैं, जिनकी कुल संपत्ति 115 अरब डॉलर है।
फोर्ब्स सूची में नायर के बारे में कहा गया है कि इस 59 वर्षीय व्यवसायी ने दो दशकों तक एक निवेश बैंकर के रूप में काम किया, आईपीओ लाई और अन्य उद्यमियों को उनके सपने हासिल करने में मदद की। फोर्ब्स वेबसाइट के मुताबिक 41 वर्षीय मल्होत्रा एचसीएल टेक के सभी रणनीतिक फैसलों में अहम भूमिका निभाती हैं। इस तरह बुच सेबी की पहली महिला अध्यक्ष हैं। इसी तरह मंडल, सेल की अगुवाई करने वाली पहली महिला हैं और उनके पदभार ग्रहण करने के बाद से कंपनी ने रिकॉर्ड वित्तीय वृद्धि हासिल की है। फोर्ब्स वेबसाइट के अनुसार उनके कार्यकाल के पहले साल में कंपनी का मुनाफा तीन गुना बढ़कर 120 अरब रुपये हो गया। यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन दुनिया की 100 सबसे शक्तिशाली महिलाओं की सूची में सबसे ऊपर हैं।

## स्कूल में 'अश्लील डांस' का वीडियो सामने आते ही मचा हड़कंप

### बुरी तरह फंसे प्रिसिंपल

**महाराजगंज,08 दिसंबर 2022 (ए)।।** उत्तरप्रदेश महाराजगंज के जिले स्थित कम्पोजिट स्कूल में आर्केस्ट्रा के दौरान स्टेज पर डांस कर रही डांसर का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिसके बाद शिक्षा विभाग में हड़कंप मच गया।
लक्ष्मीपुर विकासखंड के ग्राम सोंधी स्थित सरकारी स्कूल में डांस का वायरल वीडियो होने पर विद्यालय के शिक्षक समेत प्रिंसिपल सकते में आ गए हैं।
बताते चले कि शासन का नियम है कि शादी-विवाह या किसी भी मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय या परिसर में नहीं होना है। अब इस मामले में बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा प्रधानाध्यापक के खिलाफ नोटिस जारी हुई है।
दरअसल, नियम-कानून को दरकिनार कर बीते 4 दिसम्बर को इस विद्यालय परिसर में एक शादी के दौरान आर्केस्ट्रा का आयोजन किया गया। आर्केस्ट्रा पर डांसर का डांस भी आयोजित हुआ और बड़ी संख्या में बैठकर लोगों ने डांस का लुत्फ लिया। वीडियो में आप साफ देख सकते हैं किस तरह एक डांसर स्कूल परिसर में ही जमकर अश्लील गाने पर डांस कर रह थी और लोग उस डांस का मजा ले रहे थे।
आर्केस्ट्रा का आयोजन करने वाले और वहां पर आर्केस्ट्रा में अश्लील गानों को देखने वाले लोगों ने यह बिल्कुल नहीं सोचा कि यह विद्यालय परिसर है और यहां पर छात्र शिक्षा ग्रहण करने आते हैं।
वीडियो वायरल होने की वजह से आर्केस्टा आयोजित करने वाले लोगों पर आफत आ गई। वीडियो वायरल होते ही सकते में आए शिक्षा विभाग ने आनन-फानन में प्रधानाध्यापक को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।
मामले में प्रधानाध्यापक लालचंद गुप्ता का कहना है कि उस दिन वे अवकाश पर थे और विद्यालय की चाबी गांव के रसोइयों के पास थी। बीएसए आशीष सिंह ने बताया की विद्यालय परिसर में किसी भी आयोजन के लिए पूरी तरह रोक है। इस आयोजन को लेकर संबंधित प्रधानाध्यापक के खिलाफ कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।



# संपादकीय

## पश्चिम का बदलता नजरिया

यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उरसुला वॉन डेर लियेन के इस बयान से पश्चिमी देशों में लोग सदमे में नजर आए कि युद्ध में यूक्रेन के एक लाख सैनिक और 20 हजार नागरिक मारे जा चुके हैं। बात इतनी बढ़ी कि डेर लियेन को अपना बयान वापस लेना पड़ा। पहले जर्मनी के चांसलर ओलोफ शोल्ज और फिर अमेरिका के राष्टपति जो बाइडेन ने यह कहा कि यूक्रेन युद्ध खत्म कराने के लिए रूस से बातचीत के लिए वे तैयार हैं। अब तक रूस से बात ना करने के सख्त रुख पर चल रहे इन देशों के नजरिए में आया यह बदलाव काफी कुछ कहता है। दरअसल, अब पश्चिमी राजधानियों में यह बात महसूस की जाने लगी है कि यूक्रेन को प्रॉक्सी बना कर रूस से युद्ध की उनकी रणनीति बिखर रही है। बीते हफ्ते यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उरसुला वॉन डेर लियेन के इस बयान से पश्चिमी देशों में लोग सदमे में नजर आए कि युद्ध में यूक्रेन के एक लाख सैनिक और 20 हजार नागरिक मारे जा चुके हैं। ये मसला इतना बढ़ा कि वॉन डेर लियेन को अपना यह बयान वापस लेना पड़ा। वैसे यह बात इसके पहले अमेरिका के सेना प्रमुख जनरल मार्क मिले भी कह चुके हैं। बीते अक्टूबर में उन्होंने कहा था कि युद्ध में एक लाख से अधिक रूसी सैनिक मारे गए हैं और संभवतः इतने ही यूक्रेनी सैनिक मारे गए हैं।
इसके अलावा रूसी हमलों से यूक्रेन के इन्फ्रास्ट्रक्चर को जो व्यापक नुकसान हुआ है, उसने वहां के लोगों को अंधकार और ठंड में जीने के लिए मजबूर कर दिया है। उधर यूक्रेन की मदद पहुंचे दूसरे देशों के 'स्वयंसेवकों' की भी बड़ी संख्या में मौत होने की खबर है। खुद पोलैंड ने स्वीकार किया है कि वहां से गए तकरीबन 1200 'स्वयंसेवक' मारे जा चुके हैं। उधर रूस पर लगाए गए प्रतिबंधों से यूरोप के देश ऊर्जा संकट और मुद्रास्फीति की ऊंची दर का सामना कर रहे हैं। ऐसे में कई यूरोपीय स्पष्ट कर चुके हैं कि उनके संसाधन सीमित हैं, इसलिए अनिश्चित समय तक यूक्रेन को मदद देना उनके लिए संभव नहीं होगा। ऐसे में यूक्रेन की हार एक वास्तविक संभावना बन गई है। ये हार पश्चिमी देशों के जनमत के लिए गहरा सदमा होगी। तो संभवतः अब बातचीत से ऐसा हल निकालना उनकी प्राथमिकता बन गई है, जिससे पश्चिमी सरकारें अपनी जनता को युद्ध के सम्मानजनक शर्तों पर खत्म होने की कहानी बता सकें।

## अजनबी शहर


पुष्पा स्वाती
मुम्बई


बड़ा है अज़नबी शहर,आवाज़ दो हमें।
डरा रही है हर डगर,आवाज़ दो हमें।
बड़ी उदास है हयात, देखो तो मुड़ के,
तुम्हीं को ढूढती नज़र,आवाज दो हमें।
कश्ती ये बहरे-हस्ती की न डगमगाए यूं
मुश्किल है बड़ा ये सफ़र, आवाज दो हमें।
बिखरा दिया है शाम ने,यादों का यूं धुंआ,
होने लगा दिल पे असर, आवाज दो हमें।
आस लिये छांव की, दिल आ गया दर पे,
सज़दे में है झुका ये सर, आवाज दो हमें

## इश्क वाले गीत


प्रियंका
अग्निहोत्री गीत
वाराणसी उत्तरप्रदेश

तुम्हारी गोद में सर रख के सो जाएं
थकन से चूर हैं, सपनों में खो जाएं
मिले हो तुम हमें हमको है ये ख़ुशी
तुम्हारे साथ फसल-ए-इश्क़ बो जाएं
ज़माने ने सताया ख़ूब है दोनों को
चलो अब हाथ थामे दूर को जाएं
है रिश्ता सात जन्मों का सभी कहते
हमारे तुम, तुम्हारे हम भी हो जाएं
सजाएँ इश्क़ वाले गीत कुछ हम तुम
मोहब्बत के चलो नग़मे पिरो जाएं

## इख्तियार


ओमप्रकाश बिन्जवे
राजसागर
भोपाल,मध्यप्रदेश

मंजिलें दूर है तो क्या रास्ते इख्तियार में है।
दुश्वारियां ही सही के हौसले इख्तियार में है।
कल रात पिंजरा खुला था, कुछ पंछी उड गए,
वो मुगालते में रहे के परिंदे ईख्यार में है।
तुम इस जमीं पे ये सरहदें बना के खुश हो,
मगर कहाँ ये सबा ये सितारें ईख्यार में है।
हर सिम्त में है रंजिशे,मगर हमें खौफ कहाँ,
जब तक अपने सोच के दायरे इख्तियार में है।

## परी की उड़ान


आशीष शर्मा
अमृत
जयपुर, राजस्थान

मैं कुछ कहूंगा ,बुरा नहीं मानना
बस मेरी इन बातों को समझना
बेटी अब तुम बड़ी जो हो रही हो
मेरे लिए अभी भी नन्ही परी हो
अभी अभी तो उड़ना सीखी हो
उड़ो पर निगाहें ज़मीन पे रखना
जो समझा रहे हैं उसे गौर करना
चाहे हम सफर में संग हों या न हों
गर तुम तन्हा और मन व्याकुल हो
हमारी कही बातों को याद करना
खुद को संजोना,विश्वास न खोना
माना तुम अब समझदार हो गई हो
दुनिया,कुछ कुछ समझने लगी हो
ये जंग बड़ी,इसे आसां न समझना
रखना हिम्मत,डटकर करना सामना

# समाज के उत्थान और सुधार में स्कूल और धार्मिक संस्थान

कुछ धार्मिक संस्थान आधुनिक मन के लिए प्रवचनों और प्रकाशनों के माध्यम से धर्मी÷मूल्य प्रणाली को साझा करने के लिए एक मंच प्रदान करने में उपयोगी होते हैं। यह समाज को सामूहिक रूप से सही मूल्य प्रणाली को विकसित करने, साझा करने और अभ्यास करने में मदद करता है। यह बदले में समाज के उत्थान और सुधार में और अनिवार्य रूप से चरित्र और राष्ट निर्माण के प्रयासों में मदद करता है। सभी धर्म व्यक्ति को अच्छे कर्म करने, दूसरों की देखभाल करने और सही या नैतिक कार्य करने का आदेश देते हैं। हमारी एक लंबी परंपरा रही है जहां भारत में व्यक्ति और उद्योग समाज की देखभाल को उतना ही प्रोत्साहित करते हैं जितना कि व्यवसाय और अर्थव्यवस्था के भविष्य के विस्तार के लिए धन का सृजन करना।
मूल्य ऐसे विश्वास हैं जो धारक के लिए उपयोगिता या महत्व में निहित हैं, या सिद्धांत, मानक, या गुण सार्थक या वांछनीय परिलक्षित होते हैं। मूल्य आत्म-अवधारणा की एक महत्वपूर्ण विशेषता को स्थापित करते हैं और व्यक्ति के लिए पर्यवेक्षी सिद्धांतों के रूप में कार्य करते हैं। स्कूलों युग में मानव का जीवन अत्यंत सरल था। उस युग में ज्ञान की इतनी वृद्धि नहीं हुई थी जितनी आज हो गई है। इसका कारण यह है कि उस युग में मानव की आवश्यकताएं सीमित थी तथा उन्हें परिवार एवं अन्य अनौपचारिक साधनों के द्वारा पूरा कर लिया जाता था।
परंतु जनसंख्या की वृद्धि तथा जीवन की आवश्यकताओं की बाहुल्यता के कारण शैने-शैने÷ संस्कृति का रूप इतना जटिल होता चला गया कि उसका सम्पूर्ण ज्ञान बालक को परिवार तथा अन्य अनौपचारिक साधनों के द्वारा देना कठिन हो गया। इधर माता-पिता भी जीविकोपार्जन के चक्कर में फंसने लगे। उनके पास बालकों को शिक्षा देने के लिए न तो इतना समय ही रहा और न वे इतने शिक्षित ही थे कि वे उनको भाषा, भूगोल, इतिहास, समाजशास्त्र, अर्थशास्त्र, शरीर-रचना तथा वैज्ञानिक अनुसंधानों के सम्पूर्ण ज्ञान की शिक्षा दे सकें।
अत÷ एक ऐसी नियमित संस्था की आवश्यकता अनभव होने लगी जो सामाजिक तथा सांस्कृतिक सम्पति को सुरक्षित रख सके तथा उसे विकसित करके भावी पीढ़ी को हस्तांतरित कर सके। इस दृष्टी से स्कूल का जन्म हुआ। ध्यान देने की बात है कि आरम्भ में स्कूलों से केवल उच्च वर्ग के लोगों ने ही लाभ उठाया। जनसाधारण के लिए स्कूलों की स्थापना करना केवल आधुनिक युग की देन है। जैसे-जैसे जनतंत्रवादी दृष्टिकोण विकसित होता गया, वैसे-वैसे स्कूलों के रूप में भी परिवर्तन होता चला गया।
प्राचीनकाल से ही भारत एक धर्म प्रधान देश रहा है. परन्तु प्रारम्भ में हमारे देश में आदर्श धर्म देखने को मिलता था, जिसमें आडम्बरों और अंधविश्वासों का कोई स्थान नहीं था. इसलिए भारतीय समाज का विकास भी स्वस्थ परम्परा के अनुसार ही हो रहा था. लेकिन विदेशियों के आगमन के साथ ही धीरे-धीरे सामाजिक और धार्मिक क्षेत्र में बुराइयों का प्रवेश प्रारम्भ हो गया और भारत में अंग्रेजी शासन के कायम होने तक ये बुराइयां अपनी चरम सीमा पर पहुँच गई थीं. अंग्रेजी राज्य की स्थापना के बाद हिन्दू धर्म अनेक कुरीतियों का शिकार हो गया जिसका प्रभाव समाज पर भी पड़ा. सम्पूर्ण देश में अंधविश्वास और रूढ़िवादिता का अन्धकार छा गया. सती-प्रथा, बाल विवाह, बहु विवाह, जाति प्रथा, बाल हत्या इत्यादि अनेक कुरीतियां समाज में व्याप्त हो गयी. इन बुराइयों का अंत करने के लिए एक संगठित धर्म तथा समाज सुधार आन्दोलन प्रारंभ हुआ. इसी दौरान एक समाज एवं धर्म सुधारक भारत के रंगमंच पर प्रकट हुए उन्होंने इस आंदोलन को व्यापक रूप प्रदान किया. समाज सुधारकों में राजा राममोहन राय, स्वामी दयानंद सरस्वती, ईश्वर चंद्र विद्यासागर आदि प्रमुख हैं. धर्म एवं समाज सुधार आन्दोलन के पीछे कई कारण थे जैसे यूरोपीय सभ्यता का प्रभाव, नवीन मध्यम वर्ग का उदय, सामाजिक गतिशीलता, सुधारकों का प्रभाव इत्यादि. अंग्रेजी सरकार ने भी इन बुराइयों को दूर करने में भारतीय सुधारकों के साथ सहयोग किया. जिसका परिणाम हुआ कि हमारा समाज अंधविश्वास और कुरीतियों से बिल्कुल मुक्त हो गया.
धर्म ने आज एक बहुत ही संस्थागत रूप ले लिया है। %धर्म मूर्त और अमूर्त दोनों रूपों में पवित्र विश्वास और प्रथाओं की एक प्रणाली है%। धर्म विचारधारा के साथ-साथ संस्था की दोहरी भूमिका निभा सकता है। सांस्कृतिक पहचान देने में धर्म एक व्यक्ति के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।
धर्म एक नैतिक ढाँचा बनाने में मदद करता है और दैनिक जीवन में मूल्यों के लिए एक नियामक भी है। यह विशेष दृष्टिकोण किसी व्यक्ति के चरित्र निर्माण में मदद करता है। दूसरे शब्दों में, धर्म समाजीकरण की एक एजेंसी के रूप में कार्य करता है। इस प्रकार, धर्म प्रेम, सहानुभूति, सम्मान और सद्भाव जैसे मूल्यों के निर्माण में मदद करता है।
कुछ धार्मिक संस्थान आधुनिक मन के लिए प्रवचनों और प्रकाशनों के माध्यम से ÷धर्मी÷ मूल्य प्रणाली को साझा करने के लिए एक मंच या मंच प्रदान करने में उपयोगी होते हैं। यह समाज को सामूहिक रूप से सही मूल्य प्रणाली को विकसित करने, साझा करने और अभ्यास करने में मदद करता है।
यह बदले में समाज के उत्थान और सुधार में और अनिवार्य रूप से चरित्र और राष्ट निर्माण के प्रयासों में मदद करता है। सभी धर्म व्यक्ति को अच्छे कर्म करने, दूसरों की देखभाल करने और सही या नैतिक कार्य करने का आदेश देते हैं। हमारी एक लंबी परंपरा रही है जहां भारत में व्यक्ति और उद्योग ÷समाज की देखभाल÷ को उतना ही प्रोत्साहित करते हैं जितना कि व्यवसाय और अर्थव्यवस्था के भविष्य के विस्तार के लिए धन का सृजन करना।
इसने स्कूलों और कॉलेजों, अस्पतालों के साथ-साथ विभिन्न धार्मिक और धर्मार्थ संस्थानों के निर्माण और विकास जैसे विभिन्न रूपों को धारण किया है, जो निरंतर आधार पर विभिन्न प्रकार की धार्मिक और कल्याणकारी गतिविधियों का समर्थन करता है। प्रत्येक धर्म अपने दर्शन को बढ़ावा देता है और इसका सार हमेशा लोगों का कल्याण और कल्याण रहा है। उदाहरण के लिए, सनातन धर्म में, वसुधैव कुटुम्बकम (पूरी दुनिया एक परिवार है), सर्वे सुखिनः भवन्तु (सभी को खुश रहने दें) जैसे विचार हैं जो समाज में प्रेम और करुणा का पोषण और विकास करते हैं।
शिक्षा अपने उद्देश्यों, पाठ्यक्रम और विधियों में मूल्यों से जुड़ी हुई है। यह शिक्षा के माध्यम से है कि समाज अपने पोषक मूल्यों को संरक्षित और बढ़ावा देना चाहता है। जो कुछ भी सीखा और आत्मसात किया जाता है वह यह निर्धारित करेगा कि छात्र भविष्य में अपना जीवन कैसे व्यतीत करेंगे। शैक्षिक संस्थान एक संरचित वातावरण प्रदान करते हैं जहां बच्चे सहयोग, कड़ी मेहनत, समय की पाबंदी, प्रतिबद्धता, ईमानदारी, साझाकरण, देखभाल, निष्पक्षता, मदद, स्वतंत्रता, जिम्मेदारी, विनम्रता, गर्व के मूल्यों को एक बच्चे में विकसित करने की आवश्यकता सीखते हैं।
ईमानदारी का पाठ, सामाजिक न्याय, बच्चों को समाज के कमजोर वर्गों के प्रति सहानुभूति के साथ संवेदनशील बनाना। लैंगिक समानता, बड़ों के प्रति सम्मान, सच्चाई, सहिष्णुता, शांति, प्रकृति और मानव जाति के लिए प्रेम, सकारात्मक दृष्टिकोण, आध्यात्मिकता, राष्ट्रवादी भावनाओं, देशभक्ति, अनुशासन की शिक्षा देने कई सार्वभौमिक मानवीय मूल्य जैसे सत्य, धार्मिक आचरण, शांति, प्रेम और अहिंसा साधक मानव व्यक्तित्व के शारीरिक, बौद्धिक, भावनात्मक मानस और आध्यात्मिक पहलुओं से जुड़े हैं। ये सीधे स्कूलों और धार्मिक संस्थानों से प्रभावित हैं। बेहतर और मानवीय समाज के लिए इन मूल्यों को सुदृढ़ करने की आवश्यकता और तात्कालिकता है।


डॉ.सत्यवान सौरभ,
बड़वा (सिवानी) भिवानी
हरियाणा

# नशे की गिरफ्त में नवयुवक

आज के नव युवकों के सामने बहुत सारी समस्याएं है! उच्च पढ़ाई के ऊपर लाखों रुपया खर्च करने के बावजूद भी उन्हें सम्मानजनक ढंग से कोई नौकरी नहीं मिलती! युवाओं में दिन प्रतिदिन नौकरी ना मिलने के कारण निराशा तथा अवसाद बढ़ता जा रहा है! यही कारण है कि बहुत सारे नवयुवक अपराध की दुनिया की तरफ खींचे जाते है !! उनमें से बहुत सारे निराशा को दूर करने के लिए नशीले पदार्थों का प्रयोग करते हैं.! सीमावर्ती पंजाब में नव युवकों में दिन प्रतिदिन नशीले पदार्थ प्रयोग करने की लत लगातार बढ़ती जा रही है! नवयुवक अफीम, शराब, गांजा, कोकीन आदि प्रयोग करने के लिए चोरी करते हैं, मां बाप को मारपीट कर उनसे पैसे ले जाते हैं, कई बार अपने मां-बाप की जमीन जायदाद को कौड़ियों के भाव बेचकर नशीले पदार्थों पर खर्च करके अपनी तबाही को निमंत्रण देते हैं! उनको यह भ्रम है कि नशीले पदार्थों का प्रयोग करके उनका गम दूर हो जाएगा, समस्या हल हो जाएगी! परंतु ऐसा सोचना उनकी महा मूर्खता है! पंजाब में सरकार की गलत नीतियों के कारण फसल ही नहीं बल्कि नव युवकों की नस्ल भी तबाह हो रही है! पहले जब पंजाब में अकाली तथा भाजपा सरकार थी तब एक मिनिस्टर विशेष पर पंजाब में नशीले व्यापार में संलिप्त होने का दोष मढ़ा जाता था! उसके बाद जब कांग्रेस वाली कैप्टन अमरिंदर सिंह वाली सरकार आई उस समय भी नशीले पदार्थों का * कारोबार तथा सेवन पहले की तरह चलता रहा! उसके बाद जब आम आदमी की सरकार आई तो चुनाव से पहले उन्होंने भी पंजाब को नशा मुक्त करने का वायदा किया! परंतु आज तक की स्थिति यह है कि पंजाब में पहले की तरह नशीले पदार्थों का प्रयोग करने के कारण नव युवकों की जिंदगी तबाह हो रही है.! ताज्जुब तो इस बात का है कि पंजाब में नव युवकों के साथ साथ अब नव युवतियों ने भी नशीले पदार्थों का सेवन करना शुरू कर दिया है! सीमावर्ती इस प्रदेश में इस तरह नशीले पदार्थों का निरंतर तथा व्यापक सेवन नव युवकों की पीढ़ी को खत्म करने जा रहा है.! यूं तो अफगानिस्तान नशीले पदार्थों के उत्पादन का सबसे बड़ा केंद्र है, परंतु नशीले पदार्थों की स्मगलिंग पाकिस्तान की सहायता से पंजाब की सीमा के



द्वारा या फिर समुद्र के रास्ते गुजरात से होती है! जोकि देश के लिए खतरे की घंटी है. पंजाब में नशीले पदार्थों के बढ़ते सेवन तथा सरकार की इस संदर्भ में कोई कारगर नीति तथा उपाय ना अपनाने के कारण सर्वोच्च न्यायालय द्वारा सरकार को फटकार लगाने तथा पुलिस को इसके लिए जवाबदेह बनाने की बात कहीं गई है! पंजाब में एक के बाद एक राजनीतिक दल की सरकारें आई सभी ने इस समस्या के समाधान के लिए चुनावों से पहले आश्वासन दिया! लेकिन राजनेताओं, प्रशासन तथा आला पुलिस अफसरों की मिली भगत के कारण कुछ भी नहीं हो सका! पंजाब में नकली शराब बनाने का धंधा अपनी चरम सीमा पर है! दो या तीन घर छोड़कर हर घर में नकली सस्ती शराब बन रही है, पुलिस प्रशासन को पता है, फिर भी कोई कार्रवाई नहीं होती! कुछ दिन पहले भी नकली शराब पीने से कुछ लोगों की मृत्यु हो गई थी लेकिन सरकार के कान पर जूं भी नहीं रेंगी! आए दिन ड्रोन द्वारा नशीले पदार्थों की खेप की खेप पंजाब में उतर रही है, कुछ मामलों में सरकार इन नशीले पदार्थों को जब्त भी कर लेती है लेकिन बहुत बार सरकार को पता भी नहीं चलता! नशीले पदार्थों का व्यापार करने वाले लोगों के तार अंतर्राष्टीय संगठनों के साथ जुड़े हुए होते हैं, वे स्थानीय प्रशासन को अपने धन के बल पर प्रभावित कर लेते हैं और यह व्यापार चलता रहता है! इस तरह नशीले पदार्थों का सेवन करने से पंजाब में नव युवकों की नस्ल ही तबाह हो रही है! देश की सर्वोच्च न्यायालय ने पंजाब सरकार को इस समस्या को हल ना करने के लिए फटकार डाली है और सरकार को आदेश दिया है कि नशीले पदार्थों के उत्पादन, व्यापार तथा सेवन रोकने के लिए उसने जो उपाय अपनाए है उसके बारे न्यायालय में हलफनामा पेश करें! हालांकि चुनावों से पहले आम आदमी पार्टी ने भी पंजाब में नशीले पदार्थों के प्रयोग, उत्पादन तथा कारोबार पर प्रतिबंध लगाने का आश्वासन दिया था परंतु आज तक जिस तरह पंजाब में अपराधिक गतिविधियां बढ़ रही हैं, कानून व्यवस्था बिगड़ रही है तथा पंजाब में नशीले पदार्थों का व्यापार तथा सेवन बढ़ रहा है उसको देख कर सरकार की निष्क्रियता का ही पता चलता है! अब पंजाब सरकार सर्वोच्च न्यायालय को इस संदर्भ में क्या जवाब देती है , यह देखना अभी बाकी है! किसी देश की नवयुवक कुछ देश की सुरक्षा, विकास, सभ्यता, संस्कृति तथा कल्याण की गारंटी होते हैं! लेकिन जब नवयुवक पीढ़ी नशीले पदार्थों की गिरफ्त में आ जाए तो उस देश की रक्षा तथा विकास कौन करेगा! नव युवकों को चाहिए कि नशीले पदार्थों के विनाशकारी परिणामों को समझें, पढ़ाई लिखाई करने के बाद अपने कैरियर के लिए भागदौड़ करें, निराश ना हो, अगर योग्यता के अनुसार काम धंधा नहीं मिलता, तो जो भी मिलता है उस काम को करें! भूखे मरने या फिर नशे की दलदल में फसने से कोई भी काम करना बेहतर है! क्या पता उनका भाग्य कब किस करवट के बदलने से उनको योग्यता से भी ऊंची नौकरी दिलवा दे!


प्रोफेसर
शाम लाल
कौशल
रोहतक,
हरियाणा

# परिवारः ससुराल और मायके का रक्षासूत्र

रिश्तों की मजबूत डोर परिवार की सदस्यों से बनती है और जब पति पत्नी शादी करके एक परिवार में प्रवेश करते हैं तो जिम्मेदारी पत्नी और पति दोनों की, दोनों पक्ष में हो जाती है दोनों परिवारों को एक सूत्र में बांधने का कार्य पति-पत्नी करते हैं यदि वह दोनों एक दूसरे के परिवार का सम्मान करते हैं तो प्रेम संबंध भी प्रगाढ़ होते हैं। हमारे समाज में विवाह दो व्यक्तियों की बजाए दो परिवारों का संबंध माना जाता है इसलिए पति पत्नी को अपने बच्चों के प्यार के अलावा अपने दोनों परिवार में भी प्यार रहना चाहिए। याद रखें इन्हीं परिवारों की वजह से आप पति-पत्नी एक सूत्र में बंधे हैं इनका पूर्ण रूप से सम्मान होना चाहिए। हमारे समाज में बहू को परिवार की धुरी माना जाता है क्योंकि कुल की लाज रखने वाली और अगली पीढ़ी को संस्कार देने वाली बहुए ही होती हैं।



यदि मन में यह बात रखी जाए कि दोनों पक्षों में प्रेम के साथ-साथ पारिवारिकता से आपको सुख और सम्मान भी मिलता है तो कभी दोनों पक्षों में किसी प्रकार कि कोई वैमनस्यता नहीं होगी यदि भावनात्मक रूप से जुड़ाव मजबूत होगा तो आत्मीयता और हमदर्दी से दोनों को सपोर्ट मिलता है और ऐसे परिवार में लड़ाई झगड़े कम होते हैं और नकारात्मक सोच के लिए कोई स्थान नहीं होता। हमारे यहाँ परिवार में ज्यादातर झगड़े पक्षपात लेन-देन और स्नेह भाव कम ज्यादा होने पर होते हैं इसलिए साथी के संबंधियों से प्यार आपका मान सम्मान, हौंसला और अहमियत बढ़ाने वाला होता है यदि दोनों परिवार की पसंद और नापसंद का ख्याल रखा जाए और उनके अनुसार कार्य किया जाए और अपने माता-पिता सास ससुर सब की जन्म तिथि, शादी की वर्षगांठ इत्यादि याद रखा जाए तो भावनात्मक रूप से जुड़ाव होने लगता है और सभी एक दूसरे के परिवार का सम्मान करने लगते हैं और परिवार के बड़े भी फक्र महसूस करते हैं। यदि पति मार्केट से अपनी पत्नी के लिए सुंदर साड़ी लाए तो अपनी बहन, माता-पिता सबके लिए कुछ ना कुछ उपहार जरूर लाएं और यदि पत्नि अपनी अविवाहित नंनद को सहेली सामान समझे, देवर या ननंद के छोटे बड़े काम कर दे, साथ मिलकर खाना खाए और पति और उनके परिवार के अन्य सदस्यों के लिए बढ़िया व्यंजन बनाएं तो प्यार की अभिव्यक्ति को एक नया रूप दे सकती हैं। यदि पति-पत्नी एक दूसरे के परिवार से प्रेम व्यवहार रखते हैं तो घर परिवार में सकारात्मक ऊर्जा रहती है उन्हें नहीं लगता है कि उनका भाई, बेटा, पोता या बहन बेटी, पोती किसी ने छीन ली है या दूर कर दी है। एक व्यक्ति से जोड़कर कई लोगों से रिश्तें बनाये। अपने घर परिवार वालों से साथी के बारे में अच्छी प्रतिक्रिया से मन बहुत खुश होता है।
कुछ लोगों को लगता है कि पति-पत्नी के घरवालों को ज्यादा भाव देने से भी हमारे घर में दखल देंगे उनका हस्तक्षेप हमारे जीवन में सुख को कम कर सकता है। इस रिश्तें से देखा सोचा जाए तो सच्चाई यह है कि प्यार से रिश्तों को पुख्ता बनाने में मदद मिलती है मुसीबत के समय परिस्थिति को समझना झेलना आसान हो जाता है। हम किसी के साथ हैं तो कोई हमारे साथ भी है छोटे परिवार होने पर भी बड़े परिवार का लाभ मिल जाता है। जो लोग एक दूसरे के घर वालों से जुड़ नहीं पाते हैं उन्हें इस बात का मलाल हमेशा रहता है इसका कहीं ना कहीं उन लोगों के प्यार में भी असर पड़ता है आपसी रिश्तो में खींचतान व खटास भी शुरू हो जाती है।प्रेम विवाह या परंपरागत विवाह साथी के घरवालों से प्यार करने से सुख बढ़ता ही है और अपना भी और दूसरों का भी सम्मान होता है ।याद रखिए किसी नकारात्मक परिस्थितियों में दोनों परिवारों की सलाह औषधि से कम नहीं होती यदि आप उनके दुःख सुख मे खड़े हैं तो कल वह भी आपके सुख-दुख में खड़े मिलेंगे। अपने मन की बातें आप दोनों पति-पत्नी मिलकर अपने परिवार के साथ शेयर कर सकते हैं खुदगर्जी जीने वाले लोग और परिवार का अपमान करने वाले सारे सुख सुविधाओं के बीच भी अकेले रह जाते हैं। इसीलिए एक दूसरे के प्रति रिश्तें बनाए रखिए। रिश्तों की समझ भी रखिए बेकार के गिले-शिकवे, तनाव, लड़ाई झगड़े बिल्कुल भी ऐसी परिस्थितियों को आने ना दें। एक दूसरे की परिवारों के कार्यक्रमों में दोनों पति-पत्नी जरूर सम्मिलित हो और अपने से बड़े बुजुर्गों के आशीर्वाद से सारे कार्य संपन्न करें ।पति-पत्नी का परिवार एक दूसरे की नींव है और इस नींव को मजबूत बनाए रखना पति-पत्नी का कर्तव्य है। एक दूसरे के परिवार को समय देना सीखे और उनकी दिए संस्कारों से अपने बच्चों को भी संस्कारित करें, क्योंकि पति-पत्नी दोनों के परिवारों की डोर मजबूत होती है और इस डोर में किसी प्रकार की कोई ढील ना आए इसका पति पत्नी सदैव ध्यान रखें, क्योंकि दोनों परिवार ही ससुराल मायके का रक्षा सूत्र है।


पूजा गुप्ता
मिर्जापुर
उत्तरप्रदेश

# जीएम फसलों को ना कहना होगा

हाल के वर्षों में किसानों के संकट का एक बड़ा कारण यह है कि उनकी आत्मनिर्भरता और स्वावलंबिता में भारी गिरावट आई है व वे कृषि की नई तकनीकों को अपनाने के साथ रासायनिक कीटनाशक, खरपतवारनाशक, रासायनिक खाद, बाहरी बीजों व उपकरणों पर बहुत निर्भर हो गए हैं। उन्होंने यह निर्भरता स्वीकार तो उस उम्मीद से की थी कि यह उन्हें आर्थिक समृद्धि की ओर ले जाएगी, पर आरंभिक कुछ वर्षो की सफलता के बावजूद कुछ ही वर्षो में भूमि के उपजाऊपन पर इन रसायनों का प्रतिकूल असर नजर आने लगा व महंगी तकनीक का बोझ परेशान करने लगा। विशेषकर छोटे किसान तो कर्ज की मार से परोन रहने लगे। फसलों की नई किस्मों को लगने वाली नई तरह की बीमारियों व कीड़ों ने विशेष रूप से परेशान किया।
जहां जमीनी स्तर पर किसान इन अनुभवों से गुजर रहे थे, वहां बड़ी-बड़ी बहुराष्टीय कंपनियों के स्तर पर ऐसे प्रयास चल रहे थे कि किसानों पर अपना नियंत्रण और बढ़ा लिया जाए। इस नियंत्रण को बढ़ाने का प्रमुख साधन बीज को बनाया गया क्योंकि बीज पर नियंत्रण होने से पूरी खेती-किसानी पर नियंत्रण हो सकता है। अत÷ बड़ी कंपनियों ने बीज क्षेत्र में अपने पैर फैलाने आरंभ किए। पहले बीज के क्षेत्र में छोटी कंपनियां ही अधिक नजर आती थी, पर अब विव स्तर की बड़ी बहुराष्टीय कंपनियों ने छोटी-छोटी कंपनियों को खरीदना आरंभ किया।
जो बड़ी कंपनियां इस क्षेत्र में आई, वे पहले से कृषि रसायनों व विशेषकर कीटनाशकों, खरपतवारनाशकों आदि के उत्पादन में लगी हुई थी। इस तरह बीज उद्योग व कृषि रसायन उद्योग एक ही तरह की कंपनी के हाथ में केंद्रीकृत होने लगा।
इससे यह खतरा उत्पन्न हुआ कि ये कंपनियां ऐसा बीज तैयार करेंगी जो उनके रसायनों के अनुकूल हो अथवा बीज को वे अपने रसायन की बिक्री का मायम बनाएंगी। अनेक बड़ी कंपनियों को लगा कि अपने विभिन्न उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए, जैसे कि ऐसे बीज बनाना जो उनके रसायनों की बिक्री के अनुकूल हो, उन्हें जेनेटिक इंजीनियरिंग से अधिक मदद मिल सकती है। अत÷ इन कंपनियों ने जेनेटिक इंजीनियरिंग में बड़े पैमाने पर निवेश करना आरंभ किया। जेनेटिक इंजीनियरिंग से प्राप्त फसलों को संक्षेप में जी.एम. (जेनेटिकली मोडीफाइड) फसल कहते हैं। जी.एम. फसलों के विरोध का एक मुख्य आधार यह रहा है कि यह फसलें स्वास्थ्य व पर्यावरण की दृष्टि से सुरक्षित नहीं हैं तथा यह असर जेनेटिक प्रदूषण के माध्यम से अन्य सामान्य फसलों व पौधों में फैल सकता है। इस विचार को इंडिपेंडेंट साइंस पैनल (स्वतंत्र विज्ञान मंच) ने बहुत सारगर्भित ढंग से व्यक्त किया है। पैनल में एकत्र हुए वि के अनेक देशों के प्रतिष्ठित वैज्ञानिकों व विशेषज्ञों ने जी.एम. फसलों पर एक महत्त्वपूर्ण दस्तावेज तैयार किया, जिसके निष्कर्ष में उन्होंने कहा है-जी.एम. फसलों के बारे में जिन लाभों का वायदा किया गया था वे प्राप्त नहीं हुए हैं व यह फसलें खेतों में बढ़ती समस्याएं उपस्थित कर रहीं हैं। अब इस बारे में व्यापक सहमति है कि इन फसलों का प्रसार होने पर ट्रांसजेनिक प्रदूषण से बचा नहीं जा सकता है। अत÷ जी.एम. फसलों व गैर जी.एम. फसलों का सह अस्तित्व नहीं हो सकता है। सबसे महत्त्वपूर्ण यह है कि जी.एम. फसलों की सुरक्षा या सेफ्टी प्रमाणित नहीं हो सकी है। इसके विपरीत पर्याप्त प्रमाण प्राप्त हो चुके हैं, जिनसे इन फसलों की सेफ्टी या सुरक्षा संबंधी गंभीर चिंताएं उत्पन्न होती हैं। यदि इनकी उपेक्षा की गई तो स्वास्थ्य व पर्यावरण की क्षति होगी जिसकी पूत्तर्ि नहीं हो सकती है, जिसे फिर ठीक नहीं दिया जा सकता है। जी.एम. फसलों को अब दृढ़ता से रिजेक्ट कर देना चाहिए, अस्वीकृत कर देना चाहिए। इन फसलों से जुड़े खतरे का सबसे अहम पक्ष कई वैज्ञानिकों ने यह बताया है कि जो खतरे पर्यावरण में फैलेंगे उन पर हमारा नियंत्रण नहीं रह जाएगा व बहुत दुष्परिणाम सामने आने पर भी हम इनकी क्षतिपूत्तर्ि नहीं कर पाएंगे। जेनेटिक प्रदूषण का मूल चरित्र ही ऐसा है। वायु प्रदूषण व जल प्रदूषण की गंभीरता पता चलने पर इनके कारणों का पता लगाकर उन्हें नियंत्रित कर सकते हैं, पर जेनेटिक प्रदूषण जो पर्यावरण में चला गया वह हमारे नियंत्रण से बाहर हो जाता है।

-भारत डोगरा-

## अवैध रिश्ते


वीना आडवाणी तन्वी
नागपुर,महाराष्ट्र

रिश्तों के दरमियान
कुछ दगाबाज पलते
जो अपनों को ही
अंधेरे में रख हर वक्त छलते।।
अवैध रिश्ते कहां कभी
किसी को फलते
हाथ मलते रह जाते तब
फरेबी इंसा
जब अपनों को भी खोते
अवैध रिश्तों से भी हाथ धोते।।
जब दुनिया से भी मिले दुत्कार
उसको , तब वो
तंहाई में आकर अकेले खूब रोते।।

## हर कोई जाना पहचाना लगता है


प्रमेशदीप
मानिकपुरी
धमतरी छत्तीसगढ़

यहाँ हर चेहरा मुझे पुराना लगता है
सपने भी मुझे अब सुहाना लगता है
लोग वही है या फिर मै बदल गया हूँ
अब हर कोई जाना पहचाना लगता है
उम्मीद है की आप मुझे पहचान लेंगे
बताये बिना ही आप मुझे जान लेंगे
उम्मीद का सफर भी सुहाना लगता है
अब हर कोई जाना पहचाना लगता है
कभी दिन कभी घनी अँधेरी रात में
सपनो की सुहानी,अनकही बात में
अब हर शै÷ मुझे अनजाना लगता है
अब हर कोई जाना पहचाना लगता है
किस-किस से दुनियादारी निभाये
किस-किस को मन की बातें बताये
जहां अपना साया ही बेगना लगता है
अब हर कोई जाना पहचाना लगता है
रिश्तो को तार-तार करते है सब लोग
कैसी है ये दुनिया,कैसे है यहाँ के लोग
पल में अपना,पल में पराया लगता है
अब हर कोई जाना पहचाना लगता है

## गीत


प्रीति चौधरी
मनोरमा
बुलंदशहर
उत्तरप्रदेश

पग में काँटे कभी चुभें ना
हाथों से इन्हें बुहार दूँ।
पायल सोहे गोरे पग में
नयनों से नज़र उतार दूँ।
बजती है पायलिया छम छम
जब तुम चलती हो आँगन।
सुनकर रुनझुन तेरे पग की
बढ़ जाती उर की धड़कन।
दुख आये जब भी जीवन में
अपनी खुशी उधार दूँ।
पग में काँटे कभी चुभें ना
हाथों से इन्हें बुहार दूँ।।
तुमने सौंपा तन मन मुझको
मैं तेरा सम्मान करूँ।
चाँद सितारे लाकर सारे
निशिदिन तेरी माँग भरूँ।
प्रीति पावनी देकर तुमको
नित्य समर्पण वार दूँ।
पग में काँटे कभी चुभें ना
हाथों से इन्हें बुहार दूँ।।
चाहे मौसम बदले लाखों
प्रेम ऋतु नहीं बदलेगी।
मन उपवन में प्रेम पवन यह
युगों युगों तक महकेगी।
पतझर छू न सके कभी भी
तुमको वह अमर बहार दूँ।
पग में काँटे कभी चुभें ना
हाथों से इन्हें बुहार दूँ।।

## भारत माँ की पीर


प्रियंका सौरभ
आर्यनगर,
हिसार
हरियाणा

भारत के गणतंत्र की ये कैसी है शान
भूखे को रोटी नहीं,बेघर को पहचान
सब धर्मों के मान की,बात लगे इतिहास
एक-दूजे को काटते,ये कैसा परिहास
प्रजातंत्र का तंत्र अब,लिए खून का रंग
धरम-जात के नाम पर,छिड़ती देखो जंग
पहले जैसे कहाँ रहे,संविधान के मीत।
न्यारा-न्यारा गा रहा,हर कोई अब गीत
विश्व पटल पे था कभीभारत का सम्मान
लोभी नेता देश के,लूट रहे वो मान
रग-रग में पानी हुआ,सोये सारे वीर ।
कौन हरे अब देश मेंभारत माँ की पीर
मुरझाये से अब लगे,उत्थानो के फूल
बिखरे है हर राह में,बस शूल ही शूल
आये दिन ही बढ़ रहा,देखो भ्रष्टाचार
वैद्य ही जब लूटते,करे कौन उपचार
कैसे जागे चेतना,कैसे हो उद्घोष ।
कर्णधार ही देश के,लेटे हो बेहोश ।।

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।

CMYK

# 4 ट्रक अवैध धान जब्त, जिला प्रशासन की बड़ी कार्रवाई

- संवाददाता -
अम्बिकापुर, 08 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।

शहर से लगे ग्राम भिट्ठिकला में मुखबिर की सूचना पर जिला प्रशासन की बड़ी कार्यवाही कार्रवाई करते हुए 4 ट्रक अवैध धान को जब्त कर लिया है। दरअसल, छत्तीसगढ़ में धान खरीदी शुरू होते ही राइस मिलर धान की हेराफेरी कर बड़ा मुनाफा कमाते हैं। वहीं सरगुजा जिले में धान की कालाबाजारी धान खरीदी के साथ ही शुरू हो गई है। इस बारे में बताया जा रहा है कि ग्राम भिट्ठिकला के जोगीबांध स्थित कृष्णा राइस मिल में 4 ट्रक अवैध धन लाया गया था। जिस पर जिला प्रशासन की टीम तत्काल मौके पर पहुंचकर 4 ट्रक अवैध धान को जब्त कर दस्तावेज प्रस्तुत करने को कहा गया। लेकिन मौके पर किसी ने दस्तावेज कस्टम मिलिंग का नहीं दिखाया। वहीं दूसरी तरफ राइस मिल को जिला प्रशासन के द्वारा कस्टम मिलिंग की अनुमति भी नहीं दी गई है। जिसको देखते हुए जिला प्रशासन ने 4 ट्रक धान को जप्त कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। गौरतलब है कि 2 सप्ताह पूर्व भी जिला प्रशासन ने अंबिकापुर बिलासपुर मार्ग में एक ट्रक जब्त किया था।



### पड़ोसी राज्य से सस्ते में धान खरीद कर खपाया जा रहा है

सूत्रों की माने तो धान की कालाबाजारी में संतरी से लेकर मंत्री तक के तार जुड़े हुए हैं। राइस मिलों की बात करें तो यहा के राइसमिलर चंदा के तौर पर राजनीतिक व गैर राजनीतिक स्तर के लोगों को लाखों नहीं करोड़ों रुपये की बतौर पेशगी दी जाती है। ऐसी स्थिति में वे एक सिंडिकेट की तरह मनमानी काम करने का अवैध छूट प्राप्त कर लेते हैं। यही कारण है कि राइस मिलर एक सोची-समझी साजिश के तौर पर धान कटाई से पहले ही अलग-अलग राज्यों से निम्न स्तर के धान खरीदी करके अपने गोदामों में भर लिए हैं और अब दिखावे के रूप में धान का उठाव कर पहले से तैयार चावलों को खाद्य आपूर्ति निगम के गोदामों तक पहुंचा देते हैं। ऐसे में संभाग के फ्रेश या कहें उच्च स्तर के धान को यह अलग से कुटाई कर दूसरे राज्यों में ऊंची कीमत में बेचते हैं और संभाग के गरीब जनता को निम्न स्तर का चावल देकर मोटी रकम सरकार व प्राइवेट संस्थाओं से कमा रहे हैं।

### खाद्य विभाग की मिलीभगत से राइस मिलर हो रहे हैं मालामाल

धान के इस पूरे कालाकांडी में खाद्य विभाग के अधिकारियों की भूमिका भी पूरी तरह संदिग्ध है। सूत्रों की माने तो निम्न स्तर के चावल की क्वालिटी टेस्ट खाद्य विभाग के अधिकारी करते हैं, इसके लिए वे राइस मिलर से प्रति क्विंटल कि दर से अपना फीस निर्धारित कर दिए हैं ट्रक पहुंचने से पहले ही उन्हें उनका रुपया पहुंच जाता है। इसके पश्चात राइस मिल से पहुंचे चावल को ओके का सर्टिफिकेट मिल जाता है। जिसके बाद निम्न स्तर का चावल सर्वजनिक वितरण प्रणाली के माध्यम से दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में खफा दिया जाता है।



## पैरादान से गोठानों में अब तक 2437 क्विंटल पैरा संग्रहित

**अम्बिकापुर, 08 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।** गोवंश के संवर्धन व पर्यावरण संरक्षण हेतु मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के आह्वान पर बडी संख्या में किसान गोठानां में पैरादान कर रहे है। अब तक जिले के 134 गोठानों में किसानों के द्वारा 2437 क्विंटल पैरादान किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अम्बिकापुर जनपद के 40 गोठानों में 682 क्विंटल पैरादान किया गया है। इसी प्रकार लखनपुर जनपद के 4 गोठान में 828 क्विंटल, सीतापुर जनपद के 7 गोठान 94 क्विंटल, बतौली जनपद के 20 गोठान में 90 क्विंटल, उदयपुर जनपद के 23 गोठान में 202 क्विंटल, लुण्ड्रा जनपद के 14 गोठान में 270 क्विंटल तथा मैनपाट जनपद के 26 गोठान में 272 क्विंटल पैरादान किया गया है।

## ग्राम अजिरमा मे पदस्त पटवारी राजीव श्रीवास को ग्राम अजिरमा हल्का क्रमांक 56 से हटाए जाने हेतु कलेक्टर सरगुजा से किया गया लिखित शिकायत

- संवाददाता -
अम्बिकापुर, 08 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।

ग्राम पंचायत अजिरमा भगवानपुर खुर्द पहन 56 रा0नि0 मे अजिरमा तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा में पदस्य पटवारी राजीव श्रीवास के कार्य से समस्त ग्रामवासी तंग परेशान है। कोई भी ग्रामवासी किसी कार्य की लिए जाता है तो वह सबसे पहले मुर्गा एवं शराब का मांग करता है। मांग पूरा नहीं करने पर वह अभद्र व्यवहार करता है। व भूमाफियाओं को अपने साथ लेकर चलता है, तथा उनसे मिल कर जमीन दलाली का काम करता है। अभी हाल में ही उसे सस्पेंड किया गया था परन्तु कई अधिकारियों की मदत से फिर से ग्राम पंचायत अजिरमा में ही पदस्थ कर दिया गया। यह एक सीमांकन का कार्य करने के लिए भी बहुत पैसे की मांग करता है। जिससे समस्त ग्राम वासी अत्यधिक तंग-परेशान है, इसके पूर्व भी ग्रामवासियों के द्वारा दिनांक 20.09.22 को टोकन 2020322002210 जनदर्शन में शिकायत किया गया था। इसके बावजूद उसे ग्राम अजिरमा में ही पदस्य कर दिया गया। ऐसी स्थिति को देखते हुए अजीरमा ग्रामीण वाशियों ने कलेक्टर सरगुजा से प्रस्तुत आवेदन पत्र पर गंभीरतापूर्वक विचार करते हुए ग्राम अजिरमा भगवानपुर खुर्द पहन 56 में पदस्थ पटवारी राजीव श्रीवास को पटवारी हल्का कमांक 56 से हटाये जाने की माँग किया गया ज्ञापन सौंपने वालो में रविंदर,मोतीलाल सिंह, दिलीप विश्वास, मो.महताब, रासविहारी सहित कई ग्रामवासी शामिल रहे।



### 24 घंटे के अंदर उखड़ गई एनएच की सड़क पर कराई गई पैच रिपेयरिंग

अंबिकापुर, 08 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।

राष्ट्रीय राजमार्ग द्वारा शहर के मुख्यमार्गों में पैच रिपेयरिंग की गड़बड़ी पर श्रम कल्याण मण्डल के अध्यक्ष और नगर निगम के लोक निर्माण विभाग प्रभारी शफी अहमद ने कड़ी नाराजगी जताया है। उन्होंने कलेक्टर और एनएच के अधिकारियों से चर्चा कर नए सिरे से मरम्मत कराने और दोषियों पर कार्रवाई करने की बात कही है। उन्होंने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि शहर के बीच से गुजरने वाली देवीगंज, सदर रोड स्कूल रोड़ में पैच रिपेयरिंग का काम राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग द्वारा कराया जा रहा है। देवीगंज रोड़ में चित्र मन्दिर से लेकर पीजी कालेज के बीच रिपेयरिंग का काम बीती रात किया गया।

### अब प्रशासनिक अधिकारी करेंगे जिला अस्पताल की साप्ताहिक मॉनिटरिंग

- संवाददाता -
अम्बिकापुर, 08 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।

कलेक्टर श्री कुन्दन कुमार ने शासकीय मेडिकल कॉलेज सम्बद्ध जिला अस्पताल में प्रशासनिक व्यवस्था दुरुस्त करने तथा गहन उपचार इकाइयों की साप्ताहिक मॉनिटरिंग हेतु प्रशासनिक अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी है। अधिकारी निरीक्षण व जांच प्रतिवेदन कलेक्टर को सौंपेंगे।

जारी आदेशानुसार माह के प्रथम सप्ताह में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, द्वितीय सप्ताह में आयुक्त नगर पालिक निगम, तृतीय सप्ताह में अपर कलेक्टर एवं चतुर्थ सप्ताह में एसडीएम अम्बिकापुर जिला चिकित्सालय की क्रिटिकल केयर यूनिट, आईसीयू, एचसीयू आदि की मॉनिटरिंग करेंगे। मॉनिटरिंग के लिए नोडल अधिकारी मुख्य चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी होंगे जो उपरोक्त अधिकारियों के साथ समन्वय करेंगे। साप्ताहिक निरीक्षण के दौरान अस्पताल अधीक्षक, सिविल सर्जन, सीजीएमएससी, सीएसपीडीसीएल तथा लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता एवं अस्पताल सलाहकार साथ रहेंगे। अस्पताल सलाहकार निर्धारित प्रारूप में प्रमाण पत्र प्रस्तुत करेंगे। किसी प्रकार की कमी या त्रुटि पाए जाने पर लॉगबुक में दर्ज कराकर तत्काल सुधारात्मक कार्यवाही करना सुनिश्चित करेंगे।

## स्वामी आत्मानन्द उत्कृष्ट विद्यालय लखनपुर का आकस्मिक निरीक्षण



### लक्ष्य के अनुरूप पूरी तैयारी के साथ गुणवत्तापूर्ण अध्यापन के निर्देश

- संवाददाता -
अम्बिकापुर, 08 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।

जिला शिक्षा अधिकारी डॉ संजय गुहे ने स्वामी आत्मानन्द उत्कृष्ट विद्यालय लखनपुर का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी ने विद्यार्थियों से विद्यालय की व्यवस्था एवं शैक्षणिक गतिविधियों के बारे में विस्तार से बात की। उन्होंने हिन्दी एवं अंग्रेजी दोनों माध्यम के शिक्षकों को जिला कलेक्टर के द्वारा दिए गये 90 प्लस मिशन के बारे में विस्तार से बात की एवं लक्ष्य के अनुरूप पूरी तैयारी के साथ गुणवत्तापूर्ण अध्यापन के निर्देश दिए साथ ही विद्यालय के मेधावी विद्यार्थियों का चयन कर नीट एवं जेईई की परीक्षाओं हेतु विद्यार्थियों को तैयार करने के लिए शिक्षकों को प्रोत्साहित किया। विद्यालय की साफ-सफाई को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी ने नाराजगी जाहिर की एवं पूरे विद्यालय परिसर को स्वच्छ रखने के निर्देश प्राचार्य को दिए। विद्यालय परिसर में अंग्रेजी विद्यालय के अनुरूप वातावरण निर्माण के भी निर्देश दिए।

जिला शिक्षा अधिकारी ने कक्षा 10वीं के विज्ञान विषय के अध्यापन का अवलोकन किया एवं शिक्षक का पूर्ण तैयारी के साथ अध्यापन के निर्देश दिये एवं आज पढ़ाये जा रहे विषय वस्तु के बारे में विद्यार्थियों से जानकारी ली। उन्होंने कक्षा 11वीं एवं 12वीं का भी अवलोकन किया एवं विद्यार्थियों से विषय से संबंधित कई सवाल पूछे। जिला शिक्षा अधिकारी ने प्रयोगशाला कक्ष का सूक्ष्म निरीक्षण किया एवं प्रयोगशाला उपकरण की गहनता से जांच की। नियमित रूप से प्रायोगिक कार्य कराये जाने के निर्देश भी दिये। आज के निरीक्षण में जिला शिक्षा अधिकारी के साथ समग्र शिक्षा के सहायक परियोजना अधिकारी श्री रविशंकर पाण्डेय भी उपस्थित थे।



## आरोपियों के दोष मुक्ति होने के कारणों के संबंध में आईजी ने ली समीक्षा

**अम्बिकापुर, 08 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।**

आईजी राम गोपाल गर्ग ने संभाग के जिला अभियोजन व लोक अभियोजन अधिकारियों की दोष मुक्ति प्रकरणों के संबंध में समीक्षा बैठक ली। बैठक में न्यायालय द्वारा अधिकांश प्रकरणों में आरोपियों के दोष मुक्ति होने के कारणों के संबंध में विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में आईजी द्वारा कहा गया कि किसी भी मामलों में प्रकरणों के विवेचकों द्वारा विवेचना में किए जाने वाले त्रुटियों को दूर करने हेतु अभियोजन अधिकारियों को थाना प्रभारी, विवेचकों द्वारा घटना के प्राथमिकी दर्ज करने के दौरान से ही अभियोजन अधिकारियों के सुझाव एवं समीक्षा करते हुए विवेचना करने हेतु निर्देश दिया गया। जिससे आरोपी न्यायालय से विचारणों उपरांत दोष सिद्ध हो सके एवं अपराधी द्वारा किए गए अपराध की समुचित सजा मिल सके। जिससे दोष सिद्ध के प्रकरणों की संख्या में वृद्धि हो सके। बैठक में रेंज के जिलों से आये समस्त जिला अभियोजन अधिकारी मौजूद रहे।

## महिला के साथ छेड़छाड़ करने वाला आरोपी गिरफ्तार, पुलिस ने आरोपी की निकाली जुलूस



- संवाददाता -
अम्बिकापुर, 08 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।

नशे में धूत एक युवक बुधवार की रात एक महिला के घर में घुस कर छेड़छाड़ करने लगा। पीड़िता की रिपोर्ट पर कोतवाली पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी आदतन बदमाश है। वह पूर्व में भी कई मामलों में जेल जा चुका है। आदतन चोर एवं निगरानी शुदा बदमाश का जुलुस निकालकर पुलिस द्वारा न्यायालय तक लाया गया।

जानकारी के अनुसार पीड़ित महिला ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि मनोज लोहर निवासी खजूर पारा नशे की हालत में घर में घुसकर छोड़छाड़ करने लगा एवं विरोध करने पर गाली गलौज करते हुए घर से बाहन निकल कर नीरज मालाकार के साथ मारपीट कर उससे 5 सौ रुपए लूट लिया। पीड़िता की रिपोर्ट पर पुलिस आरोपी की तलाश कर रही थी। पुलिस ने आरोपी मनोज लोहार को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो वह अपना जुर्म कबूल किया। आरोपी मनोज लोहार आदतन चोर एवं शातिर अपराधी है। जिसके विरुद्ध थाना कोतवाली में पूर्व में भी कई प्रकरण दर्ज हैं। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है। आरोपी में पुलिस का खौप पैदा करने के लिए पुलिस ने आरोपी को जुलुस निकालकर न्यायालय तक लाया गया।

# अंतर्राज्यीय साइबर ठग गिरोह के एक नाबालिग सहित 9 गिरफ्तार

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 08 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।

सरगुजा पुलिस ने अंतर्राज्यीय साइबर ठग गिरोह के एक नाबालिग सहित 9 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों को पकड़ने के लिए सरगुजा पुलिस को 48 घंटे का बिहार के शेखपुरा में कैंप करनी पड़ी, इसके बाद सफलता मिली है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 20 नग मोबाइल, फर्जी परिचय पत्र के माध्यम से जारी 50 सिम कार्ड, 15 नग एटीएम कार्ड, 11 हजार रुपए नकद व इनका खाते को हल्ड किया गया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दी है।

इस मामले का खुलासा करते हुए सीएसपी स्मृतिक राजनाला ने बताया कि सीतापुर थाना क्षेत्र निवासी हेमन्ती बड़ा ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 26 जुलाई को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा मोबाइल पर फोन कर मीशो कंपनी में 25 लाख रुपए का इनाम दिए जाने का लालच देकर 12 ट्रांजेक्शन के माध्यम से कुल 543580 रुपए की ऑनलाइन ठगी कर ली गई थी। पीड़िता की रिपोर्ट पर पुलिस मामले की जांच कर रही थी। वहीं आईजी राम गोपाल गर्ग व एसपी भावना गुप्ता ने साइबर ठगी के मामले में सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। एसपी के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला, एसडीओपी अखिलेश कौशिक, एसडीओपी सीतापुर ध्रुवेश जायसवाल के नेतृत्व में विशेष टीम ऑपरेशन साइबर क्लीन के तहत गठित कर मामले के आरोपियों का पता तलाश कर गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा था। विवेचना के दौरान साइबर सेल से तकनीकी जानकारी प्राप्त होने पर पुलिस टीम आरोपियों को पकडने के लिए बिहार-झारखंड भेजी गई थी। पुलिस टीम के अथक प्रयास एवं साइबर सेल से की तकनीकी जानकारी से शेखपुरा बिहार से एक नाबालिग सहित 9 अंतर्राज्यीय ठग को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों में विकास कुमार उम्र 20 वर्ष, पिता अशोक विंद, उपेन्द्र कुमार उम्र 23 वर्ष पिता संटू बिंद, मनीष कुमार पिता प्रमोद बिंद उम्र 19 वर्ष, बीरू पासवान, पिता हलधर पासवान उम्र 24 वर्ष, निवासी कुसुम्भा, थाना-शेखुपरा, जिला- शेखपुरा बिहार, सुचित कुमार, पिता स्व. शिवधारी पासवान उम्र 24 वर्ष, साकिन दरियाचक, थाना-बरबीघा, जिला-शेखपुरा, बिहार, नितिश कुमार, पिता- सिकन्दर पासवान, उम्र 23 वर्ष, साकिन दरियाचक, थाना बरबीघा, जिला-शेखपुरा, राज्य बिहार, कुंदन पासवान पिता अरूण पासवान, उम्र 33 वर्ष, साकिन रमजानपुर थाना बरबीघा, जिला-शेखपुरा, राज्य बिहार, सचिन कुमार, पिता सिकन्दर पासवान, उम्र 28 वर्ष, साकिन दरियाचक, थाना- बरबीघा, जिला- शेखपुरा राज्य बिहार का नाम शामिल है। पुलिस ने इनके खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दी है।



### टीम को 48 घंटे की कैंप के बाद मिली सफलता

ये सभी आरोपी एक गिरोह बनाकर साइबर ठगी करने का काम करते हैं। इनका जंगल से लगे गांव में सेटअप बनाकर लोगों को अलग-अलग नंबर से फोन कर इनाम की राशि बनाकर लोगों को ऑनलाइन ठगी करने का काम करते थे। आरोपी छत्तीसगढ़ सहित अन्य राज्यों में करीब 100 से ज्यादा लोगों को अपना निशाना बना चुके हैं। इन आरोपियों को पकड़ने के लिए गुजरात व उत्तराखंड की भी पुलिस शेखपुरा बिहार पहुंची थी। सीएसपी ने बताया कि आरोपियों को पकडने के लिए टीम को बिहार के शेखपुर में 48 घंटे का कैंप करना पड़ा। पुलिस टीम को स्थानीय वेश-भूषा एवं भाषा का उपयोग कर शेखपुरा पुलिस के सहयोग से अन्तर्राज्यीय गिरोह को पकडने में सफल मिली है।

### कार्रवाई में

गांधीनगर थाना व साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक कलीम खान, थाना प्रभारी कमलेश्वरपुर निरीक्षक विजय प्रताप सिंह, थाना प्रभारी सीतापुर उप निरीक्षक शिशिरकांत सिंह, सहायक उपनिरीक्षक अलंगो दास, प्रधान आरक्षक भोजराज पासवान, आरक्षक अनुज जायसवाल, अंशुल शर्मा, जितेश साहू, विकास मिश्रा, रमेश राजवाड़े, सुयश पैकरा, विकास सिंह, संजीव चौबे, अमित विश्वकर्मा, समीनुल फिरदौसी, वीरेंद्र पैकरा, मनीष सिंह, अशोक यादव शामिल रहे।

# क्या लाखों खर्च कर सिर्फ फोटो वाली फ्लाक्सि की कीमत सिर्फ उसी दिन के लिए होती है जिस दिन वह लगती है ?

- क्या फ्लेक्सी छपवाने वाले की कोई जवाबदारी नहीं, कि उनके गलती से नेताओं का भी हो सकता है अपमान ?
- सिर्फ फ्लेक्सी छपवानाही जिम्मेदारी नहीं, उसमें छपे उनके नेताओं की छायाचित्र अपमानित ना हो इसका भी ध्यान रखना जरूरी
- इतना फ्लेक्सी क्यों बनवा लेते हैं कि सम्हाल ही ना पाए और लोगों के पैर के नीचे आ जाए ?
- सांसद की फोटो लगे फ्लैक्स पर तौला जा रहा था धान, भाजपा नेता के पैर पड़ते मचा बवाल, भाजपा नेता ने किया खेद प्रगट,कांग्रेसी पहुंचे थाने
- अपराध पंजीबद्ध कराने कांग्रेसी लगे रहे प्रयास में
- आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित धौराटिकरा में सांसद की फोटो लगी फ्लैक्स बिछाकर धान की हो रही थी तौलाई
- भाजपा नेता के खिलाफ कार्यकर्ताओं के साथ संसदीय सचिव पहुंच गईं थाने की शिकायत

-रवि सिंह -
बैकुंठपुर 08 दिसम्बर 2022
(घटती-घटना)।

क्या लाखों रुपए खर्च कर सिर्फ फोटो वाली फ्लाक्सि की कीमत सिर्फ उसी दिन के लिए होती है जिस दिन वो लगती है उसके बाद उस में छपे प्रतिमाएं अपमानित ही होती हैं इसकी जवाबदारी किसकी है? फ्लेक्सी का जो चलन है वह कहीं न कहीं यूज एंड थ्रो वाला है जिस समय उसकी जरूरत होती है लाखों रुपए खर्च कर लो बनवा लेते हैं उसके बाद फिर यह फ्लेक्सी फट कर इधर-उधर फेंका जाती है या फिर इसका कोई सदुपयोग करने लगता है जिसके बाद इस प्रकार की बात भी होने लगती है कि किसी के झंडे पर किसी का पैर रखा गया, किसी सम्माननीय पुरुष के फोटो पर पर पैर रखा गया, झंडे पर पैर रखा गया जैसे तमाम तरीके की बात आती रहती हैं, सबसे बड़ा सवाल यह भी है कि आखिर क्या आपके जवाबदारी से फ्लेक्सी छपवाने तक है उसका अपमान ना हो उसे इस्तेमाल के बाद अच्छे से रख दिया जाए, क्या यह जिम्मेदारी नहीं है कुछ ऐसा ही धार्मिक देवी देवताओं के फोटो को लेकर भी कई बार देखने व सुनने को मिला, उसके बावजूद भी खुद से सतर्क ना होकर दूसरों पर दोष डालना कितना सही?

बवाल का कोई सर पैर नहीं होता बवाल कभी भी किसी भी समय उत्पन्न हो जाता है, कुछ ऐसा ही नजारा तब देखा गया जब आदिम जाति सेवा सहकारी समिति की निगरानी में कोरबा सांसद ज्योत्सना महंत की फोटो लगी फ्लैक्स को बिछावन बनाकर धान की तौल कराई जा रही थी। इस दौरान उपार्जन केंद्र का निरीक्षण करने पहुंचे, भाजपा जिला उपाध्यक्ष का पैर फ्लैक्स में छपी फोटा पर पड़ गया। यह खबर जब कांग्रेसियों को हुई तो उन्होंने बवाल मचा दिया। मामले में कार्रवाई को लेकर संसदीय सचिव अंबिका सिंहदेव बुधवार की शाम कोतवाली पहुंच गई और शिकायत की। इस मामले में भाजपा नेत ने भूलवश हुई त्रुटि के लिए खेद व्यक्त किया है। इधर कार्रवाई की तलवार अब समिति प्रबंधक पर लटक रही है। इस पूरे मामले में सवाल तो यह है कि आखिर कांग्रेस नेताओं की फ्लेक्सी पहुंची तो पहुंची कैसे आखिर उस फ्लेक्सी को लेकर कौन आया? इसका ठीकरा समिति प्रबंधक पर कैसे फूटा? कुछ लोगों का तो यह भी कहना था कि आखिर इतना फ्लेक्सी छपवा ही क्यों लेते हैं कि इनसे संभलता नहीं और फिर बाद में यदि उसका कोई उपयोग करता है तो एफआईआर नौबत आ जाती है?



### समिति की निगरानी में फ्लैक्स को जमीन पर बिछाकर उस पर चल-चलकर धान तौल का काम

मिली जानकारी के अनुसार कोरिया जिले के धौराटिकरा धान खरीदी केंद्र में बुधवार को एक पंजीकृत किसान व उसका परिवार धान बेचने आए थे। इस दौरान समिति प्रांगण में धान तौल कराने कांग्रेस का फ्लैक्स लेकर पहुंचे और समिति की निगरानी में फ्लैक्स को जमीन पर बिछाकर उस पर चल-चलकर धान तौल करा रहे थे। फ्लैक्स पर सांसद ज्योत्सना महंत की फोटो भी छपी थी। इसी बीच भाजपा जिला उपाध्यक्ष शैलेष शिवहरे के नेतृत्व में भाजपा की निगरानी समिति धौराटिकरा खरीदी केंद्र पहुंचकर किसानों से उनकी समस्याएं पूछ रही थी। उसी समय उपाध्यक्ष शिवहरे धान तौल का सही मापन देखने इलेक्ट्रॉनिक वेट मशीन के पास पहुंचे। इसी बीच भाजपा नेता का पैर जमीन पर बिछे सांसद की फोटो पर पड़ गया। इसके बाद मामले ने तूल पकड़ लिया और कार्रवाई की मांग को लेकर संसदीय सचिव सहित कांग्रेस कोतवाली थाना पहुंच गए। फिलहाल मामले में विभागीय और पुलिस जांच चल रही है।

### मानवीय त्रुटि मानकर हृदय से खेद व्यक्त करता हूं शिवहरे

भाजपा जिला उपाध्यक्ष शिवहरे ने कहा कि 6 दिसंबर को वें किसानों से भेंट करने तथा समिति में उनके धान बिक्री में किसी भी प्रकार की परेशानी की जानकारी लेने आदिम जाति सेवा सहकारी समिति धौराटिकरा (भांड़ी) गए थे। प्रांगण में किसानों से संपर्क कर उनका हालचाल जाना। उस दौरान जमीन पर बिछे प्लास्टिक एवं बैनर पर धान रखा हुआ था। जिसे किसान उठाकर बोरियों में भर रहे थे। बैनर में जनप्रतिनिधियों की छायाचित्र छपी थी। जिस पर भूलवश संभवतः सभी लोग आना-जाना कर रहे थे। मेरे भ्रमण के दौरान नीचे पड़े बैनर पर चलने से यदि किसी भी व्यक्ति, जनप्रतिनिधि, राजनैतिक, सामाजिक जनों की भावनाओं को ठेस पहुंची है। तो भूलवश मानवीय त्रुटि मानकर हृदय से खेद व्यक्त करता हूं।

### समिति प्रबंधक पर लटकी कार्रवाई की तलवार

जानकारी के अनुसार कोतवाली पुलिस ने मामले में बयान लेने समिति प्रबंधक अजय साहू को थाने बुलवाया था। वहीं एसडीएम की ओर से समिति प्रबंधक के खिलाफ कार्रवाई करने सहायक पंजीयक सहकारी सेवाएं को अनुशंसा भेजी गई है। जिससे समिति प्रबंधक के खिलाफ कार्रवाई की तलवार लटक रही है। मामले में बहुत जल्द कार्रवाई हो सकती है।

### समिति प्रबंधक पर की गई है कार्रवाई की अनुशंसा

अंकिता सोम, एसडीएम बैकुंठपुर ने कहा की तहसीलदार के प्रतिवेदन के आधार पर समिति प्रबंधक धौराटिकरा के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई करने अनुशंसा भेजी गई है। मामले में सहायक पंजीयक सहकारी सेवा विभाग से कार्रवाई करेगी।

## धान उठाव में तेजी लाने मिलर्स को दिए गए निर्देश



- संवाददाता -
अंबिकापुर, 08 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।

अपर कलेक्टर श्री अमृत लाल ध्रुव की अध्यक्षता में गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में धान उठाव, कस्टम मिलिंग एवं किसानों के भुगतान के संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपार्जन केन्द्रों से धान के उठाव में तेजी लाने के निर्देश मिलर्स को दिए गए।

श्री ध्रुव ने राइस मिलों में डीओ कटाव के विरुद्ध धान उठाव में प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा की आने वाले समय में धान की आवक तेज होने वाली है इसलिए धान उठाव में तेजी लाना आवश्यक है। धान बेचने के बाद किसानों की राशि भुगतान में किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। ब्रांच मैनेजर भुगतान संबंधी समस्या का निराकरण जल्द करें। समितियों में पर्याप्त मात्रा में बारदाना की उपलब्धता सुनिश्चित करें। किसी भी समिति से धान के अवैध परिवहन की शिकायत नहीं आनी चाहिए। बैठक में मिलर्स को धान खरीदी में आने वाली समस्या के बारे में भी जानकारी प्राप्त की गई तथा उसका निराकरण करने संबंधितों को निर्देशित किया गया।

## मोर आवास मोर अधिकार के तहत भाजपा मंडल पटना के सभी गांव में आंदोलन करेगीःकपिल

- संवाददाता -
बैकुंठपुर 08 दिसम्बर 2022
(घटती-घटना)।

मोर आवास मोर अधिकार के तहत प्रधानमंत्री आवास के संबंध में भाजपा मंडल पटना के प्रत्येक गांव में वृहद आंदोलन करने जा रही है। भाजपा मंडल पटना के अध्यक्ष कपिल जायसवाल ने बताया कि भाजपा प्रदेश संगठन के निर्देशानुसार भाजपा जिला अध्यक्ष कृष्ण बिहारी जायसवाल के मार्गदर्शन में मोर आवास मोर अधिकार कार्यक्रम के तहत 6 दिसंबर से 20 दिसंबर तक सभी ग्राम पंचायतों में आंदोलन करने जा रही है।

कपिल जायसवाल ने बताया कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने गरीबों के प्रधानमंत्री आवास का पैसा रोक कर उनको उनके अधिकार से वंचित कर रही है। छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार



द्वारा भोली-भाली जनता के आवास के अधिकार को कुचलने का प्रयास कर रही है। भूपेश सरकार ने प्रदेश के दस लाख परिवार का आवास रोककर छीनने का काम किया है कांग्रेस सरकार के कारण न सिर्फ हितग्राहियों का नुकसान हुआ है बल्कि आवास निर्माण ना होने से प्रदेश में हजारों करोड़ का कारोबार भी प्रभावित हुआ है। भाजपा मंडल पटना के प्रत्येक गांव में बैठक आयोजित कर प्रधानमंत्री आवास योजना से स्वीकृत अधूरे मकान व प्रतीक्षा सूची के हितग्राहियों के लिए भूपेश सरकार से राशि आवंटन की मांग की जाएगी। मंडल के सभी पंचायतों में बैठक एवं आंदोलन करने के लिए सभी पंचायतों में प्रभारी एवं वक्ताओं की नियुक्ति की गई है। मंडल प्रभारी श्री राम राजवाड़े एवं सह प्रभारी विष्णु प्रसाद साहू नियुक्त किए गए हैं।

### संभागायुक्त अवकाश पर, श्री चौहान होंगे प्रभारी आयुक्त

अंबिकापुर, 08 दिसम्बर 2022
(घटती-घटना)।

संभागायुक्त डॉ. संजय अलंग 8 दिसम्बर से 12 दिसम्बर तक अवकाश पर रहेंगे। इस दौरान अपर आयुक्त श्री कुमार लाल चौहान संभागायुक्त के प्रभार पर रहेंगे।

### सहकारिता एवं उद्योग स्थायी समिति की बैठक आज

अंबिकापुर, 08 दिसम्बर 2022
(घटती-घटना)।

उप सहकारी संस्थाएं ने बताया है कि जिला पंचायत की सहकारिता एवं उद्योग स्थायी समिति बैठक 9 दिसंबर 2022 को अपराह्न 1 बजे जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित की गई है। उक्त बैठक में संबंधित विभाग की योजनाओं की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति तथा गतिविधियों की समीक्षा एवं बेहतर क्रियान्वयन हेतु चर्चा की जाएगी। निर्धारित तिथि एवं स्थल पर अपनी विभागीय गतिविधियों की जानकारी के साथ उपस्थित होने कहा गया है।

## सूरजपुर पुलिस ने यातायात नियमों के उल्लघंन पर 43 वाहन चालकों के विरूद्ध किया एमव्ही एक्ट की कार्यवाही

- संवाददाता -
सूरजपुर, 08 दिसम्बर 2022
(घटती-घटना)।

पुलिस अधीक्षक श्री रामकृष्ण साहू ने जिले के थाना-चौकी प्रभारियों को यातायात नियमों का उल्लघंन करने वाले वाहन चालकों के विरूद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्यवाही करने का निर्देश दिया है। पुलिस राजपत्रित अधिकारियों, थाना-चौकी प्रभारियों की मौजूदगी में चलाए गए वाहन चेकिंग अभियान में यातायात नियमों की अनदेखी करने वाले 43 वाहन चालकों के विरूद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मधुलिका सिंह के मार्गदर्शन में बीते दिन पुलिस ने सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाकर 43 वाहन चालक जो बिना हेलमेट, बिना लायसेंस, बिना सीटबेल्ड, दो पहिया वाहन में तीन सवारी व बिना दस्तावेज एवं यातायात नियमों का उल्लघंन करने पर उनके विरूद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के तहत् कार्यवाही कर 14 हजार 8 सौ रूपये का समन शूल्क अर्जित कर शासन के कोष में जमा किया है। इस दौरान पुलिस के अधिकारियों ने नागरिकों से यातायात नियमों का पालन करने की समझाईश भी दिया।





## अवैध नशीली कफ सिरप का जखीरा चौकी बसदेई पुलिस ने किया बरामद

- 1 लाख 12 रूपये कीमत के 150 नग कफ सिरप सहित 1 गिरफ्तार

- संवाददाता -
सूरजपुर, 08 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।

पुलिस अधीक्षक श्री रामकृष्ण साहू के निर्देश पर अवैध कारोबारियों के विरूद्ध पुलिस पैनी नजर बनाए हुए है और अवैध कार्यो की सूचना पर पुलिस त्वरित कार्यवाही करने में लगी हुई है। इसी क्रम में गुरूवार को चौकी बसदेई पुलिस ने मुखबीर की सूचना पर कार्यवाही करते हुए अवैध नशीली कफ सिरप का बड़ा जखीरा बरामद कर एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए 1 व्यक्ति को गिरफ्तार किया है।

गुरूवार को चौकी बसदेई पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि ग्राम पसला निवासी मंगल राजवाड़े नशीली दवाई सिरप लेकर रेलवे स्टेशन उंचडीह के पास आया है और बिक्री करने के लिए ट्रेन से जाने वाला है। चौकी प्रभारी बृजेश यादव ने इसकी सूचना से पुलिस अधीक्षक को अवगत कराया जिन्होंने सर्तकतापूर्वक तत्काल घेराबंदी कर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मधुलिका




सिंह व एसडीओपी सूरजपुर प्रकाश सोनी के मार्गदर्शन में चौकी बसदेई पुलिस ने रेलवे स्टेशन उंचडीह के पास घेराबंदी कर मंगल राजवाड़े पिता बसंत लाल राजवाड़े उम्र 28 वर्ष निवासी ग्राम पसला, थाना सूरजपुर को पकड़ा जिसके कब्जे से ओनरेक्स कफ सिरप 150 नग पाया गया जिसकी बाजारू कीमत करीब 1 लाख 12 हजार रूपये है। मामले में आरोपी के विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए कफ सिरप जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। इस कार्यवाही में चौकी प्रभारी बसदेई बृजेश यादव, एएसआई लक्ष्मी प्रसाद गुप्ता, मानिक दास, प्रधान आरक्षक आनंद सिंह, थॉमस मिंज, आरक्षक अमित सिंह, प्रदीप सोनवानी, सुरेश साहू, देवदत्त दुबे व गोरेश्वर सिंह सक्रिय रहे।

## शिक्षा गुणवत्ता की समीक्षा को लेकर विकासखण्ड स्तरीय स्थाई शिक्षा समिति की बैठक सम्पन्न

- विकासखण्ड स्तरीय शिक्षा समिति की बैठक में विभिन्न विभागीय मुद्दों पर हुई चर्चा

- संवाददाता -
सूरजपुर , 08 दिसम्बर 2022
(घटती-घटना)।

विकासखण्ड स्तरीय स्थाई शिक्षा समिति की बैठक समिति के अध्यक्ष व जनपद पंचायत उपाध्यक्ष नरेन्द्र यादव, जनपद पंचायत अध्यक्ष जगलाल सिंह देहाती, डाईट अम्बिकापुर की प्राचार्य श्रीमती शशि सिंह,विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी विनोद कुमार दुबे, विकासखण्ड स्रोत समन्वयक मनोज कुमार मण्डल,सहायक विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी सुनील पोर्ते व डाईट की व्याख्याता श्रीमती पुष्पा सिंह की उपस्थिति में साधुराम विद्या मंदिर विद्यालय सूरजपुर में आयोजित की गई। बैठक में शिक्षा समिति के अध्यक्ष नरेन्द्र यादव द्वारा संकुल अंतर्गत शालाओं में की जा रही मॉनिटरिंग पर चर्चा,शासन की योजनाओं के समुचित क्रियान्वयन जैसे - सायकल वितरण की जानकारी, जाति,निवास प्रमाण पत्र जारी एवं शेष जानकारी, इंस्पायर अवार्ड प्रदर्शनी में सम्मिलित छात्र - छात्राओं की जानकारी,शिक्षकों के समय पर विद्यालय आने-जाने, एसएमडीसी बैठक की स्थिति,मध्याह्न भोजन योजना सुचारू रूप से चलाने,शालाओं में शिक्षा गुणवत्ता एवं शाला विकास हेतु किए जा रहे शैक्षणिक नवाचार की जानकारी सहित अन्य विषयों पर विस्तार से चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए। जनपद पंचायत अध्यक्ष जगलाल सिंह देहाती ने अपने उद्बोधन में कहा कि हमारे जनपद क्षेत्र में कई शिक्षक अपने





विद्यालय में बहुत ही सराहनीय कार्य कर रहे हैं । वर्तमान समय में प्रिंटरिच वातावरण निर्माण भी बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने का एक अच्छा माध्यम बन गया है। डाईट प्राचार्य श्रीमती शशि सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि बच्चों को निरन्तर कैरियर मार्गदर्शन दें, डिजिटल शिक्षा के माध्यम से बच्चों को प्रोत्साहित करें, शासन के मंशानुरूप नई शिक्षा नीति के तहत् बच्चों को उनके बेहतर भविष्य के लिए प्रोत्साहित करें। समीक्षा बैठक में संकुल प्राचार्यों को भी अपने संकुल अंतर्गत स्कूलों के मॉनिटरिंग अनुभव साझा करने के लिए आमंत्रित किया गया। इस तारतम्य में संकुल केन्द्र जयनगर आजाकवि की संकुल प्राचार्य श्रीमती कलिस्ता अक्खड़ ने बताया कि उनके संकुल अंतर्गत एक प्राथमिक शाला चट्टीडांड़ हैं, जहाँ के शिक्षकों के अथक् प्रयास से यह विद्यालय एक आदर्श विद्यालय के रूप में विकसित हो रहा है। कुछ वर्ष पूर्व यह स्कूल देखने लायक नहीं था, स्कूल की अव्यवस्था देखकर हमलोग वहाँ जाने से कतराते थे,लेकिन वर्तमान में इस विद्यालय में सामुदायिक सहभागिता से किये गये शाला विकास के कार्य सभी के लिए प्रेरणादायक हैं । यहाँ के शिक्षकों द्वारा बच्चों के सर्वांगीण विकास के साथ शिक्षा गुणवत्ता सुधार पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है । इस बैठक में संकुल प्राचार्य आशीष भट्टाचार्य,लैफ सिंह, श्रीमती कलिस्ता अक्खड़,साफियाना खलखो, नरेन्द्र सिंह,उमेगा सिंह,केपी कुजूर, पी बखला, श्रीमती सुषमा कुजूर,रूपनारायण कुशवाहा,नवीन जायसवाल सहित विकासखण्ड के सभी संकुल प्राचार्य, संकुल समन्वयक अनुरागवेन्द्र सिंह बघेल एवं प्रधान पाठक रूनियाडीह सीमांचल त्रिपाठी उपस्थित रहे।

CMYK

# क्या भईयालाल को नहीं मिला मौका तो शैलू मारेंगे चौका ?

» विधानसभा की दावेदारी के बाद मैदान में उतरे शैलू शिवहरे
» रोज कर रहे जनसंपर्क, कार्यकर्ताओं में भी दिख रहा उत्साह
» प्रदेश प्रभारी के बयान के बाद नए लोगो को मिल सकता है मौका



- रवि सिंह -
बैकुण्ठपुर 8 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।

यदि कोरिया जिले के बैकुंठपुर विधानसभा में भाजपा की ओर से विधायक प्रत्याशी की बात की जाए तो भैयालाल सबसे प्रबल दावेदार माने जा रहे हैं पर यदि इनका टिकट किसी वजह से कटता है तो क्या शैलेष शिवहरे हो सकते है विधायक प्रत्याशी? वर्ष 2023 में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए दावेदारो की सक्रियता अभी से देखने को मिल रही है, प्रदेश में सत्तारूढ कांग्रेस में बैकुंठपुर विधानसभा से फिर एक बार वर्तमान विधायक व संसदीय सचिव अंबिका सिंहदेव को ही टिकट मिलने के ज्यादा आसार नजर आ रहे हैं तो वहीं विपक्षी दल भाजपा में विधानसभा प्रत्याशी कौन होगा इसे लेकर तरह-तरह की चर्चाएं व्याप्त हैं। भाजपा की ओर से पूर्व मंत्री भैयालाल राजवाड़े के साथ ही उनके खास समर्थक रहे पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष शैलेष शिवहरे ने भी इस बार पूरे दमखमक के साथ विधानसभा के लिए ताल ठोक दिया है, प्रतिदिन क्षेत्र का भ्रमण कर उनके द्वारा अभी से चुनावी तैयारी प्रांरभ कर दी गई है। शिवहरे के दौरे के बाद क्षेत्र में जहां नए समीकरण देखने को मिल रहे हैं तो वहीं कार्यकर्ता भी उत्साहित नजर आ रहे है। पिछले दिनों रायपुर दौरे पर आए प्रदेश प्रभारी ओम माथुर ने भी यह बयान दिया था कि हम लगातार चुनाव में युवाओं को मौका दे रहे हैं, दूसरे प्रदेशो में भी युवाओ व नए चेहरे को मौका दिया है, वहीं छत्तीसगढ में भी देखने को मिलेगा। उन्होने कहा था कोई ये मानकर न चले कि हम प्रत्याषी हैं बल्कि खुद को कार्यकर्ता समझ कर पार्टी का काम करें। प्रदेश प्रभारी के उक्त बयान के बाद प्रदेश भर में जहां टिकट की चाह रखने वाले पुराने नेताओं के चेहरे पर मायुषी देखने को मिल रही है तो वहीं नए चेहरो को संजीवनी बूटी मिल गई है।

### पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष शैलेष शिवहरे की खुले रूप से टिकट के लिए दावेदारी कर रहे

ज्ञात हो कि प्रदेश में विधानसभा का चुनाव नवंबर-दिसंबर 2023 में संभावित है और इसके लिए अभी से राजनैतिक पार्टियों द्वारा तैयारी शुरू कर दी गई है। पिछ्ले चुनाव की यदि बात की जाए तो बैकुंठपुर विधानसभा से कांग्रेस ने राजपरिवार की अंबिका सिंहदेव को टिकट दिया था तो वहीं भाजपा से चौथी बार पूर्व मंत्री भैयालाल राजवाड़े टिकट पाने में कामयाब रहे। प्रदेश भर में सत्ता विरोधी लहर और क्षेत्र में साहू समाज से बढी दूरी के बाद श्री राजवाड़े लगभग 5000 मतो से चुनाव हार गए और अंबिका सिंहदेव विधानसभा पहंचु गई थी। लगभग 4 साल बीतने के बाद अब क्षेत्र में राजनैतिक फिजा एकदम सी बदली नजर आ नही है। बात यदि भाजपा की ओर से की जाए तो पिछ्ले चुनाव में चौथी बार टिकट पाकर हारने के बाद पूर्व मंत्री भैयालाल राजवाड़े इस बार फिर से अपनी टिकट को लेकर आश्वस्त हैं उनके समर्थको का भी मानना है कि पार्टी फिर से उन्हे ही मैदान में उतारेगी। तो वहीं श्री राजवाड़े के प्रबल समर्थक रहे पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष शैलेष शिवहरे ने इस बार खुले रूप से टिकट के लिए दावेदारी कर दी है। उनके द्वारा रोज ग्रामीण क्षेत्रो का दौरा किया जा रहा है, ग्रामीणों से मिलकर प्रदेश सरकार की नाकामी को बतलाया जा रहा है।

### शिवहरे क्षेत्र में किसी परिचय के मोहताज नही है, पूर्व में वे कालरी कर्मी रहे चुके

ज्ञात हो कि श्री शिवहरे क्षेत्र में किसी परिचय के मोहताज नही है, पूर्व में वे कालरी कर्मी रहे हैं, प्रदेश में भाजपा की सत्ता आने के बाद कालरी की नौकरी छोड़कर उन्होने नगरपालिका अध्यक्ष का चुनाव लड़ा था और जीत भी हासिल की थी। दोबारा फिर से पार्टी ने उन्हे नपाध्यक्ष के लिए मैदान में उतारा था लेकिन भयंकर भीतरघात के बाद उन्हे हार का मुंह देखना पड़ा था। पिछले वर्ष हुए नगरपालिका चुनाव में पार्षद चुनाव हारने के बाद नगरपालिका अध्यक्ष के चुनाव में श्री शिवहरे ने अपनी धर्मपत्नी को अप्रत्याशित जीत दिलाई। प्रदेश में सत्तारूढ कांग्रेस के पास ज्यादा पार्षद होने के बावजूद पत्नी को अध्यक्ष बनाने में कामयाबी हासिल करने के बाद श्री शिवहरे का कद प्रदेष भर में ऊंचा हुआ और इसके बाद क्षेत्र में भी उनकी लोकप्रियता का ग्राफ काफी बढा है। श्री शिवहरे पूर्व में भाजपा के मंडल अध्यक्ष से लेकर झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ और वर्तमान में जिला उपाध्यक्ष का दायित्व संभाल रहे हैं। बैकुंठपुर शहर में धार्मिक और सामाजिक कार्यक्रम में बढ चढकर हिस्सा लेने से धर्म प्रेमियों के मध्य उनकी एक अलग छवि है। देवरहा सेवा समिति के माध्यम से आज अनेक कार्यक्रम क्षेत्र मे आए दिन देखने को मिलते हैं जो कि श्री शिवहरे की सक्रियता का ही परिणाम है।

### उम्मीद के साथ अब श्री शिवहरे की सक्रियता

भाजपा उपाध्यक्ष शैलेष शिवहरे ने बताया कि पहले घर की आर्थिक स्थिति भी ठीक नही थी जिससे कि वे पूर्व में बाजार बैठकी का काम भी कर चुके हैं। उनका मानना है कि कोई भी काम छोटा बड़ा नही होता, काम सिर्फ ईमानदारी और लगन से करना चाहिए। इसी उम्मीद के साथ अब श्री शिवहरे की सक्रियता क्षेत्र में देखने को मिल रही है। श्री शिवहरे ने बताया कि प्रत्येक कार्यकर्ता की कुछ न कुछ चाहत होती है वे भी भाजपा के एक छोटे से कार्यकर्ता हैं, पार्टी की बैठको में दरी बिछाने से लेकर झंडा लगाने का काम तक उन्होने किया है, उनकी भी इच्छा है कि वे एक बार विधानसभा सदस्य के रूप में क्षेत्र की जनता की सेवा करें। कार्यकर्ताओं की भावना भी है कि इस बार चुनाव में नए चेहरे को मौका मिलना चाहिए। और इसी को देखते हुए वे चुनाव की तैयारी पर हैं क्षेत्र का दौरा कर लोगो की समस्या से रूबरू हो रहे हैं। उनको प्रदेश की भूपेश सरकार की विफलता और क्रेंद्र सरकार की उपलब्धियों को बतला रहे हैं।

### श्री शिवहरे ने बतलाया कि प्रदेश सरकार निरंकुश

श्री शिवहरे ने बतलाया कि प्रदेश सरकार निरंकुश हो गई है, गौठान और गाय के नाम पर इन्होने खूब पैसा खाया है, कोल ब्लाक से पैसा खाया गया है जिससे कि आज मुख्यमंत्री की उप सचिव ईडी की गिरफ्त में है। कांग्रेस के राज में किसान, मजदूर, शासकीय कर्मचारी, आम आदमी सब परेशान हैं। बेराजगारों का हाल बेहाल है,गंगाजल हाथ में लेकर शराब बंद करने का दावा इन्होने किया था लेकिन सरकार आने के बाद शराबबंदी तो दूर की बात आज गली गली में शराब की बिक्री हो रही है। जगह-जगह अवैध काम हो रहे हैं। पटवारियों पर दबाव डालकर किसानो का रकबा काटा गया है, जिससे कि किसान भी आक्राशित हैं। धान बेचने के लिए उन्हे सोचना पड़ रहा है जबकि सरकार एक-एक दाना धान खरीदने का दावा करती है। निर्माण कार्य ठप्प पड़े हुए हैं, सरकार के पास विकास के लिए पैसा नही है। इस सरकार की वित्तीय स्थिति दयनीय है। महिलाओं पर अत्याचार हो रहे हैं हर वर्ग का शोषण कांग्रेस की सरकार कर रही है। हलांकि श्री षिवहरे का कहना है कि वे जरूर चुनाव की तैयारी कर रहे हैं और विधानसभा क्षेत्र का भ्रमण कर रहे हैं लेकिन टिकट का निर्णय पार्टी नेतृत्व लेती है,पार्टी यदि उन्हे टिकट देती है तो वे जरूर चुनाव लड़ेगें। टिकट नही मिलने की स्थिति में वे पार्टी का निर्णय स्वीकार करेंगे और पार्टी जिसे भी टिकट देगी पूरी ईमानदारी से उसके लिए काम करेंगे।

### क्षेत्रीय विधायक को अब आ रही क्षेत्र की याद

विधानसभा क्षेत्र के भ्रमण पर निकले भाजपा जिला उपाध्यक्ष शैलेष शिवहरे ने क्षेत्रीय विधायक और संसदीय सचिव अंबिका सिंहदेव पर निष्क्रियता का आरोप लगाते हुए कहा कि अपने कार्यकाल में उनके द्वारा प्रमुख कांग्रेसी कार्यकर्ताओं से लेकर भाजपाईयों को टारगेट करते हुए निपटाने का काम किया गया है। राजनैतिक दुष्मनी निभाते हुए एक नई परंपरा की शुरूआत की गई जो कि क्षेत्र मे पहले कभी देखने को नही मिलता था। पूरे चार साल वे क्षेत्र से गायब रही हैं अब चुनाव नजदीक आते ही उनको क्षेत्र और जनता की याद आने लगी है। बैकुंठपुर विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्य ठप्प पड़े हुए हैं या जो काम हो भी रहे हैं वह वहीं कर रहा है जिसे विधायक का आषिर्वाद प्राप्त है। विधायक के सिपहसलार लोगो को डरा धमका रहे हैं। जिससे कि आज सभी लोग त्रस्त हैं। श्री शिवहरे ने कहा कि बैकुंठपुर नगरपालिका अधिकारी पर विधायक का दबाव चलता है नगरपालिका का संचालन भी विधायक के ईषारे पर सीएमओ द्वारा किया जा रहा है। नगरपालिका के हर छोटे-बड़े काम में विधायक दखलंदाजी कर काम प्रभावित कर रही हैं। श्री शिवहरे ने कहा कि आज कोरिया जिले का असंतुलित विभाजन भी इनकी देन है,इनकी पकड़ इतनी कमजोर है कि मुख्यमंत्री इनकी एक बात नही सुनते हैं। जिससे कि आज कोरिया जिला पूरी तरह से बर्बाद हो गया, क्षेत्र की जनता इस निर्णय के बाद काफी मायुश है और विधायक के खिलाफ आक्रोशित भी है, आने वाले विधानसभा चुनाव में संसदीय सचिव अंबिका सिंहदेव को जनता की नाराजगी का सामना करना पड़ेगा।

# नेता प्रतिपक्ष अन्नपूर्णा प्रभाकर सिंह ने सार्वजनिक स्थल पर अलाव जलाने की मांग की

- संवाददाता -
बैकुण्ठपुर 8 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।

रात्रि में ठंड से बचाव हेतु नगर वासियों के लिए नेता प्रतिपक्ष अन्नपूर्णा प्रभाकर सिंह ने सार्वजनिक स्थल पर अलाव जलाने की मांग नगर पालिका प्रशासन से की है। नगर पालिका परिषद एवं प्रशासन के द्वारा कड़ाके की ठंड में जिला मुख्यालय में सार्वजनिक अलाव की व्यवस्था नहीं की गई है। फुटपाथ, बस स्टैंड या चौक में अपना अस्थायी दुकान ठेला बसाए लोगों पर ये ठंड आफत बनकर टूट रही है इनमें कई महिलाएं एवं वृद्ध भी हैं।

नेता प्रतिपक्ष अन्नपूर्णा प्रभाकर सिंह ने कहा की इस साल ठंड इस कदर बढ़ गई है कि लोगों को कंबलों से भी राहत नहीं मिल रही है, ऐसे में फुटपाथियों के लिए तो यह कभी भी कहर बन सकता है। यह सब जानते हुए भी जिला प्रशासन और नगर पालिका राहत के कोई उपाय नहीं कर रहा है।

### सड़क किनारे शहर में आए लोगों की बेबसी-



वर्तमान में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। रात का न्यूनतम तापमान गिरते जा रहा है। ऐसे में बेघर एवं हॉट बाजार के लिए आए हुए लोगों पर क्या प्रभाव पड़ता होगा, यह समझा जा सकता है। इसके अलावा प्राय-सार्वजनिक भीड़भाड़ वाली जगह के पास ठंड से ठिठुरते देखा जा सकता है। सप्ताह भर से ठंड का असर बढ़ गया है। रात का न्यूनतम तापमान गिरता जा रहा है। नगर पालिका द्वारा सार्वजनिक स्थानों पर अलाव की अब तक कोई व्यवस्था नहीं की गई है। लोग स्वयं कहीं पैरा या लकड़ी, टायर, बांस बल्ली से अलाव जलाकर ठंड से बचने का प्रयास कर रहे है नपा द्वारा सार्वजनिक जगह में अलाव जलाने का प्रावधान नहीं है क्या? तो अब तक शहर में कहीं भी अलाव क्यों नहीं जलाए गए हैं, हर शहरों में सार्वजिनक जगह में ठंड बढ़ने पर अलाव जलाते हैं।सप्ताह भर से काफी ठंड पड़ रही, कहीं फुटपाथियों के लिए यह कहर न बन जाए।

**क्या करें मजबूर हैं**

विक्षिप्तों के अलावा ऐसे कई लोग हैं, जो किसी न किसी कारण से फुटपाथ में रहने को मजबूर हैं। बाकी दिनों में इनको ज्यादा तकलीफ नहीं होती, लेकिन कड़ाके की ठंड से इनकी हालत खराब हो रही है। नगर पालिका परिषद बैकुंठपुर नेता प्रतिपक्ष अन्नपूर्णा प्रभाकर सिंह ने आम लोगों की तकलीफ को देखते हुए अलाव जलाने के लिए नगर पालिका परिषद से मांग की है, ताकि ठंड से कुछ राहत मिल सके।

# धान खरीदी केंद्र का जायजा लेने पहुंचे कांग्रेसी

- संवाददाता -
बैकुण्ठपुर 8 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।



बैकुन्ठपुर पूर्व जनपत उपध्यक्ष अनिल जयसवाल कांग्रेस परिवार के साथियों के साथ बैकुंठपुर कोरिया के समितियों में अपने सम्मानीय विधायक, सांसद कोरबा लोकसभा क्षेत्र एवं प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी के निर्देशानुसार धान खरीदी केंद्र बचरा, पौड़ी बैमा एवं बड़े कलुआ, चिरमी, पहुंचकर सभी किसान भाइयों से मुलाकात कर उनसे टोकन कटने की सुविधा बारदाना उपलब्ध होने की सुविधा निर्धारित मात्रा में धान लेने जाने की जानकारी तत्काल भुगतान के बारे में हम लोगों के द्वारा जानकारी ली गई, जिसमें सभी किसान भाइयों ने बताया कि हमें टोकन भी समय से कट रहा बारदाना भी उपलब्ध हो रहा है वजन भी निर्धारित मात्रा में लिया जा रहा है और बैंक के माध्यम से तत्काल भुगतान की सुविधा भी हमें मिल रही है पिछ्ले वर्ष से भी ज्यादा इस वर्ष हम लोगों को छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा सुविधा प्रदान की गई है जिससे हम सब लोग बहुत खुश हैं और बहुत ही आसानी से अपना धान समिति में लाकर बेच पा रहे हैं इसके लिए हम सब किसान साथी प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री माननीय भूपेश बघेल जी का हृदय से आभार व्यक्त करते हैं जनसंपर्क के दौरान मुख्य रूप से हमारे बीच राजीव गांधी पंचायती राज के जिला अध्यक्ष मुख्तार अहमद, पटना सहकारी समिति के पूर्व अध्यक्ष ठाकुर ईश्वर दयासल सिंह, जिला सहकारी बैंक के डायरेक्टर गणेश राजवाड़े, मानिकपुरी पनिका समाज के संभागीय अध्यक्ष रामधन देवांगन ग्रामीणों बन्धु कीसान भाई मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# छत्तीसगढ़ को मिला पहला छत्तीसगढ़ वॉइस स्टार,अकरम विजेता तो प्रिंस उपविजेता,महापौर ने दी विजेताओं को बधाई

» टॉप 29 फाइनलिस्ट में हुआ अंतिम मुकाबला, टॉप 10 में मिले विजेता और उपविजेता
» विजेता को 51 हजार और ट्रॉफी उपविजेता को 21 हजार ट्रॉफी

- संवाददाता -
कोरिया/रायपुर 8 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।






छत्तीसगढ़ का सबसे बड़ा सिंगिंग प्रतियोगिता छत्तीसगढ़ वॉइस स्टार 2022 का पिछ्ली रात भव्य समापन किया गया। समापन समारोह के इस भव्य आयोजन में प्रमुख रूप से महापौर नगर पालिक निगम रायपुर ऐजाज ढेबर, प्रदेश महासचिव छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ विश्व दीपक राई, डायरेक्टर सिटी केबल नेटवर्क राजीव पंजियारा, डायरेक्टर श्री गणेश विनायक आई हॉस्पिटल डॉ अनिल गुप्ता, डायरेक्टर होर्डिकलचर सरोज कुमार पात्रा, डॉ संदीप सुरीन, एमडी समृध्दि रियल स्टेट फनिक सिंह उपस्थित रहें। उसके उपरांत छत्तीसगढ़ को पहला छत्तीसगढ़ वॉइस स्टार अकरम खान के रूप में मिला, जिन्हें ट्रॉफी और 51 हजार रुपए प्रदान किया गया। इसके साथ ही उपविजेता के रूप में प्रिंस वानखडे को ट्रॉफी और 21 हजार रुपए के पुरुस्कार से नवाजा गया। इस शानदार कार्यक्रम में लाईव बैंड छत्तीसगढ़ के मशहूर बोली टीयून बैंड के द्वारा किया गया जिसके संचालक पिंटु जेना ने पुरे कार्यक्रम में देर रात तक जबरदस्त शमा बांधे रखा।

आपको बता दे कि टॉप फाइनलिस्ट के लिए कुल 29 प्रतिभाओं को जजेस द्वारा चुना गया था, टॉप 29 प्रतिभागियों के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की गई उसके बाद टॉप 10 निकाला गया। जिनमें विजेता अकरम खान और उपविजेता प्रिंस वान खेड़े को चुना गया। रायपुर, बिलासपुर, कोरबा और भिलाई ऑडिशन राउंड में हजारों एक से बढ़कर एक प्रतिभागियों ने अपनी जादुई आवाज से जजेस का दिल जीता और क्वाटर फाईनल से सेमी फाईनल की टक्कर को पार कर ग्रैंड फिनाले का सफर तय करने को तैयार हैं। छत्तीसगढ़ वॉइस स्टार एक बड़ा मंच हैं जहाँ छत्तीसगढ़ के कलाकारों को अपनी प्रतिभा दिखाने व निखारने में बड़ा मदद करेगा। जिसके लिए छत्तीसगढ़ के तमाम बड़े शहरों में ऑडिशन राउंड की शुरुआत की गई थी।

गौरतलब हो कि पिछ्ले 3 सितम्बर कृष्णा पब्लिक स्कूल सरोना में पहला ऑडिशन राउंड के बाद 10 और 11 सितम्बर को कोरबा के केसीसी कॉलेज घण्टाघर, भिलाई के जवाहर नगर स्थित के एच मेमोरियल स्कूल, 2 अक्टूबर न्यायधानी बिलासपुर के इंडियन मेडिकल एशोसिएशन सीएमडी चौक और अंत मे 9 और 10 अक्टूबर को राग स्टूडियो चौबे कॉलोनी में ऑडिशन आयोजित किया गया। ऑडिशन राउंड के बाद क्वाटर फाईनल कृष्णा पब्लिक स्कूल सरोना और स्टूडियों 7 फाफाडीह में आयोजित किया गया। जिसके बाद सेमी फाईनल को पुनः स्टूडियों 7 फाफाडीह में आयोजित कर टॉप 29 फाइनलिस्ट को ग्रैंड फिनाले के लिए चुना गया। ग्रैंड फिनाले शहर के ह्र्दय स्थल शहीद स्मारक में आयोजित किया गया। किसी भी प्रतियोगिता में किसी व्यति का चुनाव इतना आसान नही होता उसके वावजुद कार्यक्रम में उपस्थित जजेस सलीम संजरी, अनुराग शर्मा, एन डी चक्रवर्ती, राजेश तिवारी, घनश्याम शर्मा, समीर भट्टाचार्य, मो शाहिद, मो आरिफ, शेख अमीन ने छत्तीसगढ़ के पहले छत्तीसगढ़ वॉइस स्टार को खोज निकाला।

टॉप 29 के सीनियर टीम में- पुष्पराज देवांगन, अकरम खान, सिखा उपाध्याय, हरलीन कौर मक्कड, श्रेया भट्टाचार्य, कृष जे स्टार, संदीप राव, भीनेश्वरी ओझा, आपुर्वा सिंह, विशाल यादव, अतीक अहमद, जयंत पौल, अमन वर्मा, शुभम यादव, रामकुमार गर्ग, प्रगति प्रिया, पूर्वा श्रीवास्तव और टॉप 29 के जूनियर टीम में शार्वी केशरवानी, पृथा मिश्रा, अब्दुल राजिक, राज तिवारी, कनक साहू, वन्दीता साहू, पृथ्वी तांडी, शाश्वत मुख़र्जी, भूमि सागर, प्रिंस वानखडे प्रतिभागी रहें। टॉप 29 प्रतिभागियों को सुनने के बाद जजेस ने टॉप 10 सजेश किया जिनमें प्रिंस वानखडे, पृथ्वी तांडी, अब्दुल राजिक, कनक साहू, राज तिवारी, पूर्वा श्रीवास्तव, अमन वर्मा, अतीक अहमद, श्रेया भट्टाचार्य, अकरम खान के नाम सामने आए।

# एसईसीएल कोरबा क्षेत्र की मानिकपुर माइन में 01 से 15 दिसंबर 22 तक चलाया जा रहा पर्यावरण स्वच्छता जागरूकता महाअभियान

- संवाददाता -
कोरबा, 08 दिसम्बर 2022
(घटती-घटना)।



एसईसीएल कोरबा क्षेत्र की मानिकपुर माइन में 1 दिसंबर से 15 दिसंबर 22 तक पर्यावरण स्वच्छता जागरूकता, महाअभियान चलाया जा रहा है जिसके के अंतर्गत कोयला उत्पादन एवं ओवर बर्डन रिमूवल के कार्य में लगे ठेका कंपनी के कामगारो को धूल रहित सुरक्षित उत्पादन करने के लिए प्रतिदिन सेफ्टी टीम के द्वारा जागरूक किया जा रहा है ढ्ढ पानी का व्यापक छिड़काव के साथ सडको का सुधार कार्य भी किया जा रहा है ढ्ढ मानिकपुर के महाप्रबंधक अजय तिवारी ने बताया कि इस मौसम में धूल के कारण विजीविलिटी कम हो जाती है और ठंड के कारण शरीर भी अपेक्षाकृत सुस्त रहता है, इस कारण अधिक सावधानी की आवश्यकता रहती है । सुरक्षा को सर्वपरी मानते हुए कोयले उत्पादन का लक्ष्य पूरा करना है ।

माइन मैनेजर एच के प्रधान ने बताया कि इस वित्तीय वर्ष में नवम्बर माह तक 38.39 लाख टन का कोल् उत्पादन कर लिया गया है, जबकि लक्ष्य 30.97 लाख टन ही था , 7.42 लाख टन अधिक उत्पादन किया गया है ढ्ढ इस वर्ष 52.50 लाख टन का लक्ष्य है ढ्ढ आगामी चार माह में 14.11 लाख टन शेष है ढ्ढ नवम्बर तक ओबीआर 87.90 लाख क्यूबिक मीटर हुआ है ,जबकि लक्ष्य 74.78 लाख क्यूबिक मीटर का था ढ्ढ इसी तरह 38.54 कोयले का डिस्पैच किया गया ढ्ढइस बार भी पिछले वर्षों की तरह समय से पहले ही लक्ष्य हासिल कर लिया जाएगा।

# सीएसईबी पुलिस चौकी से फरार हुए अपराधी को पुलिस ने चाकाबुड़ा के जंगल से किया गिरफ्तार

- संवाददाता -
कोरबा, 08 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।



पुलिस को चकमा देकर फरार डीज़ल, कोयला चोर, कुख्यात बदमाश राजा खान को पुलिस ने आखिरकार गिरफ्तार कर लिया है। बताया जा रहा है कि, राजा खान चाकाबुड़ा के जंगल में छुपकर रह रहा था ,जिसके बाद बीती रात पुलिस ने उसको गिरफ्तार कर लिया है। राजा पर बंद पड़े सीएसईबी ईस्ट पॉवर प्लांट से तांबा चोरी का आरोप है ढ्ढ जिसे पुलिस की विशेस टीम ने घेरा बंदी कर पकड़ा था , पर मौका देख पुलिस के चंगुल से कुख्यात बदमाश भाग निकला था ढ्ढ पुलिस ने पहले ही कबाड़ चोरी मामले में 03 लोगो को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है ढ्ढ गिरोह का सरगना राजा खान इस मामले में फरार हो गया था, जिसको पुलिस ने आखिरकार लंबी खोजबीन के बाद गिरफ्तार किया है।

# वाहन का फिटनेश 6 दिसम्बर तक ऑनलाइन दिख रहा था फेल, सात दिसम्बर को कैसे हुआ एक्टिव ?:केवल सिंह मरकाम

- संवाददाता -
मनेंद्रगढ़ 8 दिसम्बर 2022
(घटती-घटना)।



गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के एमसीबी जिलाध्यक्ष ने केवल सिंह मरकाम ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करके कहा मनेंद्रगढ़ थाना में कोई कार्य निष्पक्ष तरीके से नहीं हो रहा है, जल्द ही प्रेसवार्ता करके छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री गृह मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपेंगे, इस पर कार्रवाई की मांग करेंगे, पुलिस की लीपापोती से कौन ऐसा है जो वाकिफ़ नही होगा, पुलिस प्रयास तो बहुत करती है कि घटना को दुर्घटना साबित कर सके लेकिन पेपरो ने उनकी इस कारगुजारियों की पोल खोल दी जब गाड़ी का फिटनेस खत्म था तो किस तरह से फिटनेस जारी कर दिया गया?

क्या मृतक ड्राइवर के परिवार के प्रति पुलिस विभाग की कोई नैतिक जिम्मेदारी नही बनती की वह मानवता के दृष्टिकोण को मद्देनजर रखते हुए मृतक चालक के घर वालो मुआवजा दे? छत्तीसगढ़ स्थित एमसीबी जिले के मनेंद्रगढ़ थाना प्रभारी क्या इतनी भी जहमत नही समझे कि दूसरे राज्य में जाने से पहले सभी गाड़ी के दस्तावेजों की जाँच करते व जिस गाड़ी के समस्त दस्तावेज सही हो उसे ही आरोपी को पकड़ने के लिए दूसरे राज्य ले जाते, थाना प्रभारी मनेंद्रगढ़ की मनमर्जी के कारण ही भेंट चढ़ गया, पुलिस के उच्च अधिकारियों को इस तरह लापरवाही बरतने वाले थाना प्रभारी पर सख्त कार्यवाही करनी चाहिए, ताकि भविष्य में फिर कभी ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो सके अब देखना यह है कि पुलिस के आला अधिकारी इस घटना पर क्या रुख अख्तियार करते है?

वाहन फिटनेश मामले में परिवहन विभाग पर कई सवाल उठ रहे हैं जिस वाहन का फिटनेश फेल हो चुका था उसका फिटनेश बिना वाहन की फोटो लिए और बिना वाहन की जांच किये ही जारी कर दिया गया, क्या 6 दिसम्बर तक ऑनलाइन फिटनेश फेल दिखा रहा था और 7 दिसम्बर को फिटनेश अपडेट हो गया, अब सवाल परिवहन विभाग पर जरूर खड़ा होता है कि ऐसा कैसे संभव हुआ और क्या ऐसा पुलिस विभाग से जुड़ा हुआ मामला होने की वजह से किया गया, अब पूरी सच्चाई जांच के बाद ही सामने आएगी और तभी पता चल सकेगा कि कैसे फिटनेश अपडेट हुआ?

## एसईसीएल कुसमुंडा खदान में हादसाः मिट्टी समतल करने वाले डोजर में लगी अचानक आग; वाहन पूरी तरह से जलकर खाक

- संवाददाता -
कोरबा, 08 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।

कोरबा जिले के कुसमुंडा खदान में बुधवार को मिट्टी समतल करने वाले डोजर में अचानक आग लग गई। ड्राइवर ने तुरंत इसकी सूचना अधिकारियों को दी । मौके पर तत्काल अधिकारी पहुंचे द्ध1ड्डद्ब फायर ब्रिगेड को भी खबर कर दी गई। जिसके बाद दमकलकर्मियों ने समय रहते आग पर काबू पा लिया और कोई बड़ा हादसा होने से बचढ्ढया गया। जानकारी के अनुसार,



कुसमुंडा एसईसीएल पाली फेस में मिट्टी समतल करने का काम विभागीय डोजर से किया जा रहा था। इसी दौरान डोजर के इंजन से अचानक चिंगारी निकली और देखते ही देखते आग लग गई। चालक प्रताप सिंह आग को देखकर तुरंत डोजर से नीचे कूद गया। उसने उच्चाधिकारियों को मामले की जानकारी दी। इधर आग लगने की खबर से खदान में हड़कंप मच गया। मौके पर एसईसीएल का पानी टैंकर भी पहुंचा और आग पर पाया गया काबू । आग से डोजर का इंजन, ऑयल, वायरिंग और चालक की सीट जल गई। आग पर काबू पाने तक लगभग पूरा वाहन जल चुका था। ड्राइवर ने कहा कि इंजन में गड़बड़ी के कारण आग लगी। आग से एसईसीएल को करोड़ों का नुकसान होना बताया जा रहा है। कुसमुंडा थाना प्रभारी राजेश जांगड़े ने बताया कि खदान में लगी आग की जानकारी अब तक पुलिस को नहीं दी गई है। अगर ऐसी कोई जानकारी आती है, तो मामले की जांच की जाएगी।

# कलेक्टर संजीव झा ने शासकीय राशन दुकान का किया औचक निरीक्षण,राशन भंडारण व वितरण की ली जानकारी

- संवाददाता -
कोरबा, 08 दिसम्बर 2022
(घटती-घटना)।



कलेक्टर संजीव झा ने जनपद पंचायत पाली प्रवास के दौरान ग्राम पंचायत सिरकी में शासकीय उचित मूल्य की दुकान और हरदीबाजार में निर्माणाधीन नये तहसील भवन का औचक निरीक्षण किया। कलेक्टर श्री झा ने शासकीय राशन दुकान में पहुंचकर राशन भण्डारण एवं हितग्राहियों को खाद्यान्न वितरण की जानकारी ली। राशन दुकान का संचालन दुर्गा स्व सहायता समूह द्वारा किया जा रहा है। वही उन्होंने राशन दुकान में उपलब्ध सुविधाओं और चांवल शक्कर, नमक एवं चने के भण्डारण का अवलोकन किया। कलेक्टर श्री झा ने संचालनकर्ता समूह दुर्गा स्व सहायता समूह की महिलाओं से नवंबर एवं दिसंबर माह के राशन भण्डारण की जानकारी ली। स्व सहायता समूह की महिलाओं ने बताया कि उनके यहां राशन वितरण से जुड़ी कोई समस्या नहीं है। कलेक्टर श्री झा ने राशन वितरण के लिए उपयोग किए जाने वाले ई-पॉस मशीन के माध्यम से राशन वितरण की जानकारी ली। इसको लेकर दुकान प्रबंधन के लोगों ने बताया कि सर्वर ठीक रहने के दौरान राशन वितरण को लेकर किसी तरह की समस्या नहीं होती है। कलेक्टर श्री संजीव झा ने राशन दुकान का निरीक्षण करने के बाद परिसर में ही निर्मित कचरा शेड का भी अवलोकन किया और संचालन को लेकर जानकारी लेने के साथ ही आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि निर्धारित मापदंडों का ध्यान रखते हुए कचरा शेड में कचरों का संग्रहण व आवश्यक कार्य किया जाए। इस दौरान कटघोरा अपर कलेक्टर विजेंद्र पाटले,जिला पंचायत के सीईओ नूतन कंवर भी मौजूद रहे।

# कुसमी क्षेत्र में 'मोर-आवास-मोर-अधिकार' के तहत हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास दिलाने के लिये आंदोलन की तैयारी में भाजपा



- संवाददाता -
कुसमी, 08 दिसम्बर 2022
(घटती-घटना)।

भारतीय जनता पार्टी मंडल कुसमी के द्वारा मोर आवास मोर अधिकार कार्यक्रम के माध्यम से प्रधानमंत्री आवास के लिये आंदोलन की तैयारी शुरू कर दी गई है, दरसल भाजपा के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारियों के द्वारा ग्राम पंचायत स्तर पर 6 दिसंबर से 20 दिसंबर 2022 तक मंडल के अंतर्गत सभी ग्राम पंचायतों में मोर आवास मोर अधिकार आंदोलन किया जाना है , आंदोलन कार्यक्रम से पूर्व ग्राम पंचायतों के वरिष्ठ नेताओं द्वारा तैयारी बैठक किया जाना है आंदोलन कार्यक्रम के लिये हितग्राहियों को निमंत्रण पत्र देकर बुलाया जायेगा और ग्राम पंचायत के आंदोलन में पधारे परिजनों द्वारा पीएम आवास संबंधित जानकारी लेना है, साथ प्रादेशिक कार्यक्रम विधानसभा की जानकारी छत्तीसगढ़ सरकार की नाकामियों को लेकर चर्चा कार्यक्रम में किया जाना है , ग्राम पंचायत स्तर पर एकत्रित हितग्राहियों से पीएम आवास के लिये मांग पत्र भी भरवाना प्रमुख बिंदु है,भाजपा के लोगो का आरोप है कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार चुनाव से पहले जनता से 36 लोकलुभावन वादा कर सरकार में आई थी लेकिन जनता से किया हुआ कई वादा कांग्रेस सरकार पुरी नही कर पाई है।इन्ही सब बिंदुओं को लेकर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी अब गांव गांव तक जाकर उन सभी प्रधानमंत्री आवास से वंचित हितग्राहियों से मिलकर उनसे मांग पत्र भरा कर कांग्रेस सरकार से हितग्राहियों के लिये आवास की मांग किया जाना है, भारतीय जनता पार्टी मंडल कुसमी के अध्यक्ष संजय जयसवाल के नेतृत्व में मंडल के अंतर्गत ग्राम पंचायतों में चौपाल के माध्यम से प्रधानमंत्री आवास की जानकारी देकर पात्र हितग्राहियों से फार्म भरवा कर प्रदेश सरकार को यह मांग पत्र भेजकर सरकार से आवास से वंचित हुए हितग्राहियों को आवास देने की मांग इस आंदोलन कार्यक्रम के माध्यम से किया जाना है,बहरहाल आने वाला 2023 का समय चुनावी साल रहेगा और देंखने वाली बात होगी कि जनता का दिल किस राजनीति दल के लोगो के साथ जुड़ता है, फिलहाल अभी तो देख कर लगता है कि सभी दलों का सँघर्ष का का समय चल रहा है,

# स्काउट गाइड का तृतीय सोपान शिविर पकनी में आयोजित

## स्काउट गाइड के छात्र सीख रहे जीवनोपयोगी गुर

- संवाददाता -
सूरजपुर, 08 दिसम्बर 2022
(घटती-घटना)।

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ जिला कमिश्नर व जिला शिक्षा अधिकारी विनोद कुमार रॉय के आदेशानुसार व जिला प्रशिक्षण आयुक्त रामदत्त पटेल के व जिला सचिव के नेतृत्व में जिला स्तरीय तृतीय सोपान सह जांच शिविर का आयोजन किया गया है जो 07/ 12/ 2022 से आयोजित है। इस कार्यक्रम में पूरे जिले के सभी विकास खंड के स्काउट गाइड शामिल हैं।

बता दें कि जिले के सभी विकास खंड में द्वितीय सोपान शिविर का आयोजन किया गया तत्पश्चात जिला स्तरीय पांच दिवसीय तृतीय सोपान शिविर विकास खंड ओड़गी के पकनी ग्राम में आयोजित है। जहां शिविर के स्काउट गाइड दैनिक दिनचर्या के साथ प्रतिदिन उपयोग में आने वाली गतिविधियों को सीखकर रहे हैं। इस शिविर में के प्रथम दिवस में सबसे पहले ध्वज शिष्टाचार के साथ शिविर का प्रारंभ किया गया तत्पश्चात सभी स्काउट गाइड को टोली में बांटकर उनके दायित्वों को समझाया गया।

इस कार्यक्रम में स्काउट गाइड स्काउटिंग नियमों व उनके दैनिक जीवन में क्या महत्व है को सीख रहे हैं।

### इस कार्यक्रम में होते हैं अनेक शिक्षण सत्रः- रामदत्त पटेल

तृतीय सोपान शिविर के शिविर संचालक व जिला प्रशिक्षण आयुक्त रामदत्त पटेल ने बताया कि तृतीय सोपान कैम्प के शिक्षण सत्र में व्यक्तिगत परिचय, परिचय नोट बुक की उपादेयता, भारत में स्काउट गाइड की महत्व, कार्यक्षेत्र एवं आंदोलन की विभिन्न शाखाएं को द्वितीय के कक्षा सत्र में समझाया गया।

### इस शिविर में इन शिक्षकों की ड्यूटी सहायक संचालक के रूप में लगाई गई है

जिला स्तरीय तृतीय सोपान शिविर के सहायक संचालक में जिला सचिव उमेश कुमार गुर्जर व्यवस्थापक, डीओसी बेलभद्र देवांगन, एडीओसी कन्हैया लाल सोनी, जिला काउंसलर गोवर्धन सिंह, प्रतापपुर ब्लॉक सचिव प्रेमसिन्धु मिश्रा, भैयाथान सचिव अशोक दुबे, स्काउटर नंद कुमार सिंह, आनंद कुमार सिंह, प्रतापपुर ब्लॉक काउंसलर विनय तिवारी, प्रेमनगर ब्लॉक काउंसलर कृष्ण कुमार ध्रुव, गाइडर अभय मुरुम, अनामिका भगत, सरिता गोस्वामी, इंद्रमणी, सुश्री रुचि कुशवाहा, सोनबरन राम राजवाड़े ने तृतीय सोपान में स्काउट गाइड को शिक्षण प्रदान कर रहे हैं। जानकारी देते हुए भारत स्काउट गाइड जिला संघ सूरजपुर मीडिया प्रभारी कृष्ण कुमार ध्रुव ने बताया इस शिविर में स्काउट गाइड नैतिकता के पाठ के साथ जीवन शैली, रहन सहन, अभाव में अपने आप को ढालना आदि सीखते हैं। इस कार्यक्रम में रोवर रेंजर भी सेवा कार्य में लगे हैं।





# एमसीबी प्रेस क्लब,जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग के सयुंक्त तत्वाधान में ग्राम पंचायत सरभोका के आश्रित ग्राम नवाडीह में विशेष पंडो/बैगा/कोडाकू जनजाति हेतु निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर किया गया

ईस्नु प्रसाद यादव
मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर 08 दिसम्बर 2022
(घटती-घटना)।





इस अवसर पर स्वास्थ विभाग की टीम के द्वारा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन कर ग्रामीणों का चिकित्सीय जांच एवं सामान्य बीमारियों की दवा वितरित की गई

*कार्यक्रम दौरान कलेक्टर द्वारा ग्रामीणों की समस्याओं से हुए रूबरू एवं पुलिस विभाग की टीम द्वारा चलित थाना भी लगाया गया, जिसमे ग्रामीणों की थाना संबंधित समस्याओं को लिया गया और पुलिस विभाग की टीम द्वारा आपराधिक कृत्यों से दूर रहने सलाह दी गई , साथ ही कार्यक्रम में साई दरबार समिति मनेन्द्रगढ़ के सदस्यों द्वारा नेकी की दीवार के माध्यम से जरूरतमंद ग्रामीणों को सामान्य व गर्म कपड़े वितरण किए गए

कार्यक्रम पश्चात MCB प्रेस क्लब,जिला प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग टीम ने पंडो/बैगा/कोडाकू जनजातियों के साथ पंगत में भोजन किया

इस अवसर पर कलेक्टर पीएस ध्रुव,जिला पंचायत सभापति श्रीमती उषा सिंह,जनपद अध्यक्ष डॉ विनय शंकर सिंह, CMHO डॉ सुरेश तिवारी,एडिशनल एसपी निमेष बरैया,सीएसपी चिरमिरी पीपी सिंह,सीईओ श्री देहारी,पोड़ी थाना प्रभारी सुनील सिंह, BPM सुलेमान खान,जनपद सदस्य श्रीमती आरती सिंह,सरपंच उपेंद्र सिंह, सहित स्वास्थ्य विभाग टीम,पुलिस टीम,जनपद पंचायत टीम,साई दरबार समिति टीम एवं MCB प्रेस क्लब टीम की गरिमामय उपस्थिति रही।

**न्यायालय नायब तहसीलदार**
**अम्बिकापुर-2, जिला सरगुजा (छ0ग0)**

रा0प्र0क्र0-/ब-121/2022-23

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक विकास पाण्डेय आ0 श्री विश्वनाथ पाण्डेय, निवासी केनाबांध अम्बिकापुर, तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ0ग0 द्वारा ग्राम सोनपुरकला स्थित खसरा नंबर 432/1, 509/4, 511/3 रकबा क्रमशः 0.2230, 0.0400, 0.2430 हे0 भूमि का द्वितीय प्रति ऋण पुस्तिका जारी करने बावत् आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त संबंध में किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 16/12/2022 को न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 02/12/2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

सील | नायब तहसीलदार अम्बिकापुर-02

# भारतीय टीम जनवरी में खेलेगी इन टीमों के साथ

### बीसीसीआई ने जारी किया शेड्यूल

**नई दिल्ली,08 दिसम्बर 2022।** अगले साल जनवरी महीने में भारत का दौरा न्यूजीलैंड और श्रीलंका की टीम करेगी। इसके अलावा फरवरी के महीने में ऑस्ट्रेलियन टीम भी भारत का दौरा करेगी। वर्तमान में भारतीय टीम बांग्लादेश में मेजबान के साथ एक दिवसीय सीरीज खेल रही है, जो भारत के हाथ से जा चुकी है।

वहीं बीसीसीआई ने अगले वर्ष होने वाली सभी सीरीज का शेड्यूल जारी कर दिया है। अगले वर्ष के शुरुआती तीन महीनों के दौरान भारतीय टीम लगातार सीरीज में व्यस्त रहने वाली है।भारतीय टीम को लगातार तीन देशों के साथ मुकाबले खेलने है। ये मुकाबले मार्च तक आयोजित किए जाएंगे।बीसीसीआई द्वारा जारी किए गए शेड्यूल के मुताबिक भारतीय टीम आने वाले दिनों में श्रीलंका, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया की टीम के साथ भिड़ेगी। श्रीलंका और न्यूजीलैंड की टीम जनवरी में भारत आएगी। ऑस्ट्रेलिया की टीम फरवरी और मार्च महीने में भारत का दौरा करेगी।

#### श्रीलंका के साथ होगी शुरुआत

भारतीय टीम जनवरी 2023 में सबसे पहले श्रीलंका की टीम के साथ भिड़ेगी। श्रीलंका और भारत के बीच तीन टी20 और तीन वनडे मुकाबले खेले जाएंगे। वहीं न्यूजीलैंड के साथ भी तीन वनडे और टी20 मुकाबले खेले जाएंगे। इसके बाद फरवरी और मार्च महीने में ऑस्ट्रेलिया का दौरा होना है। ऑस्ट्रेलिया के साथ भारतीय टीम को चार टेस्ट मुकाबलों की बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी खेली जाएगी। इसके बाद तीन वनडे मुकाबले भी खेले जाएंगे।



#### ये है पूरा शेड्यूल

3 जनवरी (मुंबई)- भारत बनाम श्रीलंका पहला टी20
5 जनवरी (पुणे)- भारत बनाम श्रीलंका दूसरा टी20
7 जनवरी (राजकोट)- भारत बनाम श्रीलंका तीसरा टी20
10 जनवरी (गुवाहाटी)- भारत बनाम श्रीलंका पहला वनडे
12 जनवरी (कोलकाता)- भारत बनाम श्रीलंका दूसरा वनडे
15 जनवरी (तिरुवनंतपुरम)- भारत बनाम श्रीलंका तीसरा वनडे
न्यूजीलैंड का भारत दौरा
18 जनवरी (हैदराबाद)- भारत बनाम न्यूजीलैंड पहला वनडे
21 जनवरी (रायपुर)- भारत बनाम न्यूजीलैंड दूसरा वनडे
24 जनवरी (इंदौर)- भारत बनाम न्यूजीलैंड तीसरा वनडे
27 जनवरी (रांची)- भारत बनाम न्यूजीलैंड पहला टी20
29 जनवरी (लखनऊ)- भारत बनाम न्यूजीलैंड दूसरा टी20
1 फरवरी (अहमदाबाद)- भारत बनाम न्यूजीलैंड तीसरा टी20
ऑस्ट्रेलिया भारत दौरा
9-13 फरवरी (नागपुर) - भारत बनाम ऑस्ट्रेलिया पहला टेस्ट
17-21 फरवरी (दिल्ली) - भारत बनाम ऑस्ट्रेलिया दूसरा टेस्ट
1-5 मार्च (धर्मशाला) - भारत बनाम ऑस्ट्रेलिया तीसरा टेस्ट
9-13 मार्च (अहमदाबाद) - भारत बनाम ऑस्ट्रेलिया चौथा टेस्ट
17 मार्च (मुंबई)- भारत बनाम ऑस्ट्रेलिया पहला वनडे
19 मार्च (विशाखापत्तनम)- भारत बनाम ऑस्ट्रेलिया दूसरा वनडे
22 मार्च (चेन्नई)- भारत बनाम ऑस्ट्रेलियालैंड तीसरा वनडे

# विश्व में नंबर एक बनना लक्ष्य है:प्रज्ञानानंद

**चेन्नई ,08 दिसम्बर 2022।** युवा शतरंज खिलाड़ी और ग्रैंड मास्टर आर. प्रज्ञानानंद ने कहा कि उनका लक्ष्य विश्व में नंबर एक बनना है और वह इसे हासिल करने के लिये कड़ी मेहनत करेंगे।

वह प्रतिष्ठित अर्जुन पुरस्कार प्राप्त करने के बाद वेलम्मल मैट्रिक हायर सेकेंडरी स्कूल द्वारा आयोजित एक सम्मान समारोह में बोल रहे थे, जहां वह 12वीं कक्षा के छात्र हैं।

विद्यालय प्रबंधन ने उन्हें प्रतिष्ठित पुरस्कार हासिल करने के लिये 10 लाख रुपये का चेक देकर सम्मानित किया। यह चेक उन्हें तमिलनाडु के खेल एवं युवा मामले मंत्री वी मेय्यानाथन और एचआर एवं सीई मंत्री पीके शेखर बाबू द्वारा दिया गया।

प्रज्ञानानंदा ने इस अवसर पर कहा, मैं पिछले 13 वर्षों से इस स्कूल में पढ़ रहा हूँ, ठीक एलकेजी से। अब मैं 12वीं में हूं। मैं स्कूल प्रबंधन, शिक्षकों और दोस्तों को उनके समर्थन के लिये धन्यवाद देता हूं जिन्होंने मुझे ग्रैंड मास्टर बनने में मदद की।



उन्होंने कहा, मेरा उद्देश्य विश्व नंबर एक बनना है। मैं उस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिये कड़ी मेहनत करूंगा। अपना लक्ष्य प्राप्त करने के बाद मैं वापस आऊंगा और आप सभी से मिलूंगा।

प्रज्ञानानंद ने मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन और खेल मंत्री को प्रतिष्ठित विश्व शतरंज ओलंपियाड की सफलतापूर्वक मेजबानी करने के लिये बधाई दी।

इस अवसर पर श्री मेय्यानाथन ने कहा कि श्री स्टालिन ने कल अर्जुन पुरस्कार प्राप्त करने के लिये उन्हें व्यक्तिगत रूप से बधाई दी थी।

श्री मेय्यानाथन ने बहुत कम उम्र में कई स्पर्धाओं में जीत हासिल करने के लिये उनकी सराहना की और उनकी शतरंज यात्रा में और अधिक सफलता की कामना की। शेखर बाबू ने भी उन्हें अर्जुन पुरस्कार मिलने पर बधाई दी और भविष्य में उन्हें और भी पुरस्कार मिलने की कामना की।

# फीफा विश्व कप:क्वॉर्टर फाइनल

## सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए ब्राजील का मुकाबला क्रोएशिया से होगा

**अल रेयान ,08 दिसम्बर 2022।** 16 का दौर अब पूरा हो गया है, और अंतिम आठ स्थायी टीमें अब सेमीफाइनल की स्थिति के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी। फीफा विश्व कप 2022 में ब्राजील और क्रोएशिया शुक्रवार को क्वार्टर फाइनल में भिड़ेंगे।

यह केवल पाँचवीं बार होगा जब ये दोनों फुटबॉल देश एक-दूसरे से खेलेंगे, और इस प्रतियोगिता के इतिहास में तीसरा।



ब्राजील ने कोरिया पर 4-1 से शानदार जीत के साथ अंतिम आठ में जगह बनाई, हाफटाइम तक चार गोल से आगे रहा।

विनीसियस जूनियर, नेमार, रिचर्लिसन और लुकास पैक्वेटा सभी ने स्कोर किया क्योंकि टिटे की टीम पहले 45 मिनट में हावी रही। पाइक सेउंग-हो ने 15 सेकंड शेष रहते एक बैक पकड़ा, लेकिन कोरियाई लोगों के लिए बहुत देर हो चुकी थी।

क्रोएशिया ने जापान के साथ अपने राउंड-ऑफ-16 संघर्ष में 90 मिनट के अंदर 1-1 से ड्रॉ के बाद 30 मिनट अतिरिक्त खेलकर अंतिम-आठ मैच में प्रवेश किया। 2018 के उपविजेता ने पेनल्टी पर जीत हासिल की, जिसमें गोलकीपर डॉमिनिक लिवाकोवी ने तीन को रोक दिया।

क्रोएशिया और ब्राजील के बीच पिछली चार बैठकों में से किसका पलड़ा भारी है? दोनों टीमों के बीच सटीक हेड-टू-हेड रिकॉर्ड जानने के लिए पढ़ें।

आखिरी बार ये दोनों पक्ष चार साल पहले एक दोस्ताना मैच में मिले थे, जब वे रूस में विश्व कप की तैयारी कर रहे थे। क्वार्टर फाइनल में ब्राजील का सफाया हो गया था, जबकि क्रोएशिया फ्रांस से हारने से पहले फाइनल में पहुंच गया था। लेकिन यह दक्षिण अमेरिकी थे जो अपने विरोधियों को 2-0 से हराकर उस जून मैत्री में व्यापार के लिए तैयार दिखाई दिए। टिटे की टीम के पास 63 प्रतिशत कब्जा था और रात को किए गए पासों की संख्या लगभग दोगुनी थी, लेकिन यह उन्हें 70वें मिनट तक पार करने में ले जाएगा।

यह नेमार के अलावा किसी और के सौजन्य से नहीं आया, जो उन्हें अधिक से अधिक उपस्थिति देने के लिए हाफ़टाइम पर आया था। रॉबर्टो फ़िरमिनो, जिन्हें कतर में टूर्नामेंट के लिए नहीं चुना गया था, ने स्टॉपेज टाइम में कीपर के ऊपर एक अद्भुत चिप के साथ जीत हासिल की।

क्रोएशिया के पास वर्तमान में एक पुनर्निर्माण पांच है, जिसमें देजन लोरेन सोमवार (5 दिसंबर) को जापान के खिलाफ अपना राउंड-ऑफ-16 मैच शुरू करने वाले उस गेम के एकमात्र खिलाड़ी हैं। जोको ग्वर्डिओल, 20, अब उनके साथ पीछे हैं और उनका अब तक का एक उत्कृष्ट अभियान रहा है।

मिडफ़ील्ड के दिग्गज लुका मोड्रिक अपनी राष्ट्रीय टीम के लिए हमेशा मौजूद रहेंगे और शुक्रवार को उनका नेतृत्व करेंगे।

ब्राज़ीलियाई लोगों ने भी पिछले चार वर्षों में अपने लाइनअप में बदलाव किया है, और उनकी मारक क्षमता बेजोड़ है। नेमार के अलावा, उनके पास बेंच पर ढेर सारी प्रतिभाओं का उल्लेख नहीं करने के लिए विनीसियस जूनियर, रफिन्हा और रिचर्डसन हैं।

सिर से सिर का रिकॉर्ड आगामी क्वार्टर फाइनल में क्रोएशिया की संभावनाओं के लिए अच्छा नहीं है, जिसमें ब्राजील श्रृंखला का नेतृत्व कर रहा है। दक्षिण अमेरिकियों ने अपने द्वारा खेले गए चार मैचों में से तीन में जीत हासिल की है, जिसमें 2005 में एक दोस्ताना मैच ड्रॉ रहा था। उनकी तीन में से दो जीत इस प्रतियोगिता में आई हैं, पहली 2006 में और दूसरी 2014 में टूर्नामेंट के शुरुआती खेल में।

क्रोएशिया को 2022 में विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए ब्राजील पर ऐतिहासिक पहली जीत की जरूरत होगी, अगर उन्हें अंतिम चार में आगे बढ़ना है।

### मोटर रेसिंग-डच ग्रां प्री 2025 तक एफ1 कैलेंडर पर बनी रहेगी

**जैंडवूर्ट ,08 दिसम्बर 2022।** जैंडवूर्ट में मैक्स वेरस्टैपेन का घरेलू डच ग्रैंड प्रिक्स गुरुवार को अनुबंध विस्तार की घोषणा के बाद 2025 तक फॉर्मूला वन कैलेंडर पर रहेगा। खेल 2021 में शुरुआती तीन साल के सौदे पर समुद्र तटीय सर्किट में वापस आ गया, लेकिन वेरस्टैपेन की भारी स्थानीय लोकप्रियता ने इसे एक बिक-आउट इवेंट बना दिया।

25 वर्षीय रेड बुल ड्राइवर इस साल डबल वर्ल्ड चैंपियन बना और उसने 2021 और 2022 में अपने घरेलू दर्शकों के सामने जीत हासिल की।

# 2023 हॉकी वर्ल्ड कप चार नई बिछाई गई पिचों पर खेला जाएगा

**भुवनेश्वर ,08 दिसम्बर 2022।** आगामी एफआईएच पुरुष विश्व कप भुवनेश्वर के अत्याधुनिक कलिंगा हॉकी स्टेडियम और राउरकेला के बिरसा मुंडा स्टेडियम में चार नई बिछाई गई पिचों पर खेला जाएगा। आगामी एफआईएच पुरुष विश्व कप भुवनेश्वर के अत्याधुनिक कलिंगा हॉकी स्टेडियम और राउरकेला के बिरसा मुंडा स्टेडियम में चार नई बिछाई गई पिचों पर खेला जाएगा।विश्व कप 13 से 29 जनवरी के बीच दोनों स्थलों पर खेला जाएगा। कलिंगा स्टेडियम की मुख्य पिच के साथ-साथ अभ्यास पिच को फिर से बिछाया गया है, जबकि बिरसा मुंडा स्टेडियम में मैच अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) द्वारा प्रमाणित बिल्कुल नई पिचों में खेले जाएंगे। हॉकी इंडिया ने एक बयान में कहा, ÷मैच हॉकी के नए गहना, राउरकेला में बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम और भुवनेश्वर के प्रतिष्ठित कलिंगा हॉकी स्टेडियम में खेले जाएंगे, जहां हॉकी के इतिहास के कई अद्भुत पन्ने लिखे गए हैं।÷



मेजबान भारत सहित दुनिया भर की शीर्ष 16 टीमें इस प्रतिष्ठित कार्यक्रम में भाग लेंगी।16 टीमों को चार पूल में विभाजित किया गया है, जिसमें भारत पूल डी में इंग्लैंड, स्पेन और वेल्स के साथ है।प्रत्येक पूल से शीर्ष चार टीमें सीधे क्वार्टर फाइनल में पहुंचेंगी, जबकि चार पूलों की शेष आठ टीमें अंतिम-आठ दौर में जगह बनाने के लिए क्रॉस-ओवर मैचों में प्रतिस्पर्धा करेंगी। पूल ए में अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, फ्रांस और दक्षिण अफ्रीका शामिल हैं, जबकि पूल बी में बेल्जियम, जर्मनी, कोरिया और जापान शामिल हैं। पूल सी में नीदरलैंड, मलेशिया, न्यूजीलैंड और चिली शामिल हैं।

भुवनेश्वर क्रॉस ओवर, क्वार्टर फाइनल, सेमीफाइनल और फाइनल सहित 24 मैचों की मेजबानी करेगा, जबकि राउरकेला 20 मैचों की मेजबानी करेगा, जिसमें भारत 13 और 16 जनवरी को पहले दो लीग मैच खेलेगा।

हॉकी प्रशंसकों के लिए यह वास्तव में रोमांचक समय है क्योंकि एफआईएच ओडिशा हॉकी मेन्स वर्ल्ड कप 2023 भुवनेश्वर-राउरकेला में कुछ ही हफ्ते बाकी हैं। अध्यक्ष दिलीप तिर्की ने कहा।कलिंग हॉकी स्टेडियम और बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम दोनों भाग लेने वाली टीमों और दर्शकों के लिए विश्व स्तरीय सुविधाएं प्रदान करेंगे। हम ओडिशा राज्य सरकार के आभारी हैं, जिन्होंने विश्व कप के इस संस्करण को यादगार बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी है।

# 'हेरा फेरी' में राजू के रूप में फिर से लौट सकते हैं अक्षय कुमार

बॉलीवुड सुपरस्टार अक्षय कुमार, जिनका फिल्मों में यह साल बहुत सफल नहीं रहा, 'हेरा फेरी' की दुनिया में वापसी कर सकते हैं। इससे पहले, मीडिया में यह व्यापक रूप से बताया गया था कि सुपरस्टार ने फिल्म के निर्माता के बाद फ्रैंचाइजी छोड़ दी थी क्योंकि वह चिजों को लेकर एक जैसी सोच नहीं रखते थे। अक्षय के बाहर निकलने के बाद, इस साल की शुरूआत में सुपरहिट 'भूल भुलैया 2' देने वाले कार्तिक आर्यन को फिल्म में लाया गया एक ऐसा विकास जिसकी पुष्टि फिल्म के अपने ही बाबू भैया परेश रावल ने ट्विटर पर की। विकास ने सोशल मीडिया पर भारी हंगामा किया और सही भी है क्योंकि कॉमेडी शैली में फ्रैंचाइजी हिंदी सिनेमा के स्तंभों में से एक है।रिपोर्ट के अनुसार, फिल्म के निर्माता फिरोज नाडियाडवाला ने



अक्षय कुमार के साथ बातचीत फिर से शुरू की है, जो हाल ही में रेड सी इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में शामिल हुए थे।निर्माता ने इस बात पर सहमति जताई कि अक्षय का राजू का किरदार 'हेरा फेरी' फ्रैंचाइजी को उनके साथी कलाकारों सुनील शेट्टी और परेश रावल के साथ इतना खास बनाता है।

जबकि पहले मीडिया में यह अनुमान लगाया गया था कि फिल्म में अक्षय के पारिश्रमिक पर असहमति थी, हाल की मीडिया रिपोर्टें में कहा गया है कि निर्माता और अभिनेता के बीच मतभेद मुख्य रूप से स्क्रिप्ट के कारण थे क्योंकि अक्षय फ्रैंचाइजी के लिए सर्वश्रेष्ठ के अलावा कुछ नहीं चाहते थे। टीम ने बहुत प्यार और जुनून के साथ बनाया है। इस खबर से अक्षय कुमार के प्रशंसक सोशल मीडिया पर अपनी खुशी व्यक्त कर रहे हैं क्योंकि ट्विटर पर हैशटैग-हेराफेरी3 काफी समय से ट्रेंड कर रहा है।

# थाई हाई स्लिट आउटफिट में जन्नत गर्ल सोनल चौहान दिखीं ग्लैमरस



जन्नत फिल्म की एक्ट्रेस की खूबसूरती फैंस के दिलों को बेकरार किए रहती हैं। एक्ट्रेस सोनल चौहान सोशल मीडिया पर अक्सर अपनी खूबसूरती और कातिलाना अदाओं के लिए चर्चाओं में बनी रहती हैं। सोनल चौहान बॉलीवुड से लेकर साउथ इंडस्ट्री तक अपना जलवा बरकरार किए हुए हैं। एक्ट्रेस सोनल चौहान गोल्डन कलर की ड्रेस में कहर बरपाती नजर आ रही हैं। थाई हाई स्लिट आउटफिट में एक्ट्रेस सोनल चौहान अपनी टोंड लेग्स फ्लॉन्ट कर रही हैं। सोनल चौहान ने अपने लुक को कंप्लीट करने के लिए न्यूड मेकअप और कर्ल हेयर स्टाइल को कैरी कर रखा है। एक्ट्रेस सोनल चौहान अपनी तस्वीरें अक्सर सोशल मीडिया पर शेयर करती रहती हैं। वहीं, उनकी तस्वीरें फैंस को काफी पसंद आती हैं। सोनल चौहान की ड्रेस में खूबसूरती को देखकर फैंस उन्हें गॉर्जियस और ब्यूटीफुल बता रहे हैं। एक्ट्रेस सोनल चौहान की बोल्डनेस और ग्लैमरस अंदाज को देखकर फैंस आहें भर रहे हैं। साथ ही उनकी तस्वीरों ढेरों लाइक्स और कमेंट्स कर रहे हैं। सोनल चौहान यूपी के रॉयल राजपूत फैमली से ताल्लुक रखती हैं। फिल्म जन्नत से अपने करियर की शुरूआत करने वाली सोनल चौहान , तेलुगू और तमिल भाषा की फिल्मों में भी काम कर चुकी हैं। एक्ट्रेस सोनल चौहान अपने सिजलिंग लुक से फैंस पर बिजलियां गिराने का काम कर रही हैं।




# रिलीज हुआ अंडरवर्ल्ड का कब्जा धमाकेदार टीजर

आनंद पंडित की फिल्म अंडरवर्ल्ड का कब्जा का हिंदी टीजर रिलीज हो चुका है। मूवी के टीजर को दर्शकों का भरपूर प्यार मिल रहा है। टीजर को देखने के बाद अब फैंस ट्रेलर देखने के लिए बहुत उत्सुक हैं।

उपेंद्र और किच्चा सुदीप स्टारर कंन्नड़ मूवी अंडरवर्ल्ड का कब्जा का हिंदी टीजर कल रिलीज भी किया जा चुका है। जो फैंस को खूब पसंद आने लगा है। टीजर को महज 24 घंटो में 7.5 मिलियन व्यूज भी हासिल हो चुके है। टीजर ने मूवी देखने की बेसब्री को और ज्यादा बढ़ा चुके है। दर्शकों को फिल्म का टीजर इतना पसंद आया है कि वे इसे केजीएफ से कम्पेयर कर रहे हैं।

आपको पता हो साउथ फिल्म जैसे पुष्पा, आरआरआर, केजीएफ 2 सुपरहिट हुई है और लोगों ने इन फिल्मों को देखने के बाद बॉलीवुड पर निशाना साधा था। यही सब होने के बाद से हिंदी और साउथ फिल्मों की तुलना की जा रही है। अब तक इस मामले को लेकर अजय देवगन, किच्चा सुदीप के बीच भी तीखी बहस देखने को मिली थी और उसके बाद कई सेलेब्स ने इस पर अपनी राय रखी थी। अब इस बीच रवीना ने भी अपना पक्ष रखा है। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि ये इंडस्ट्री का एक फेज है और साउथ के लिए भी। वो लोग हर फिल्म को अलग बनाने की कोशिश कर रहे हैं और ऐसा ही हमारे बॉलीवुड में भी हो रहा है।

आप सुनते होंगे कि हर हिंदी फिल्म रिलीज होती है लेकिन हर साउथ फिल्म रिलीज नहीं होती। आप सिर्फ हिट साउथ फिल्मों के बारे में सुनते हैं लेकिन आप ये नहीं सुनते कि हर शुक्रवार को एक साउथ फिल्म रिलीज हो रही है। हमें फिल्मों का नसीब नहीं पता होता। इसी के साथ आगे उन्होंने यह भी कहा, सबकुछ तब तक सही लगता है जब तक वो सही चलता रहता है। हमें पता है कि हिंदी फिल्मों का अपना अलग लॉजिक होता है और हम सक्सेस और फ्लॉप की भी काउंटिंग करते हैं।












# भानुप्रतापपुर में कांग्रेस की सावित्री मंडावी को मिली बड़ी जीत

» सावित्री मंडावी ने भाजपा के ब्रम्हानंद नेताम को 21 हजार वोटों से हराया

» कांग्रेस ने कहा- जनता ने दागी प्रत्याशी को हराया

» कांग्रेस की सावित्री को 65 हजार 479 तथा ब्रम्हानंद को 44 हजार 308 वोट मिले,

» 23 हजार 417 वोट प्राप्त कर कोर्राम तीसरे स्थान पर








**रायपुर, 08 दिसम्बर 2022(ए)।** जिले की भानुप्रतापपुर विधानसभा सीट के उप चुनाव में मतदाताओं ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर भरोसा जताते हुए कांग्रेस प्रत्याशी सावित्री मंडावी की ताजपोशी कर दी है। सावित्री ने भाजपा के ब्रम्हानंद नेताम को 21 हजार 127 वोटों से हराया। इस सीट पर 1लाख 45 हजार 966 वोट पड़े थे। सावित्री मंडावी को कुल 65 हजार 479 तथा ब्रम्हानंद नेताम को 44 हजार 308 वोट प्राप्त हुए। निर्दलीय चुनाव लड़े पूर्व उप पुलिस महानिरीक्षक अकबर राम कोर्राम 23 हजार 417मत प्राप्त करने में सफल रहे। इनके अलावा दिनेश कल्लो को 3851 वोट, घनश्याम जुर्री को 2485 वोट, शिवलाल पुडो को 1309 वोट एवं डायमंड नेताम को 813 वोट मिले। नोटा में 4243 वोट गए। पार्टी प्रत्याशी की जीत के बाद जगदलपुर, कांकेर, भानुप्रतापपुर, संबलपुर आदि में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जमकर आतिशबाजी की और एक दूसरे को मिठाई खिलाई।

## आम चुनाव के लिए शुभ संकेत

कांग्रेस प्रत्याशी सावित्री मंडावी की जीत पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बस्तर के सांसद दीपक बैज ने कहा है कि भानुप्रतापपुर की यह जीत अगले विधानसभा चुनावों में कांग्रेस के लिए शुभ संकेत है। बैज ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जिस कर्मठता के साथ जनता की सेवा कर रहे हैं, उससे जनता पूरी तरह संतुष्ट है। उप चुनाव में तो कांग्रेस ने अभी ट्रेलर ही दिखाया है, पूरी पिक्चर आम चुनाव में तब देखने को मिलेगी, जब कांग्रेस छत्तीसगढ़ की अधिकतर सीटों पर जीतकर फिर से सरकार बनाएगी। बैज ने कहा कि बस्तर की जनता ने भूपेश बघेल की योजनाओं, नीतियों और कार्यों पर भरोसा जताया है। यह भरोसा वर्षों तक कायम रहेगा। सांसद बैज ने सावित्री मंडावी को बधाई दी है।

## राजीव भवन में मना सावित्री मंडावी की जीत का जश्न,

भानुप्रतापपुर उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी सावित्री मंडावी ने जीत दर्ज कर ली है। सावित्री मंडावी ने भाजपा प्रत्याशी को 21098 मतों से हरा उप चुनाव जीत लिया है। जिसके बाद से कांग्रेसी खेमे में जश्न का माहौल है। कांग्रेस प्रत्याशी की जीत के अवसर पर राजधानी के राजीव भवन में भी कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह दिखाई दिया।

कांग्रेस भवन में सावित्री मंडावी की जीत के बाद प्रेसवार्ता का भी आयोजन किया। इस दौरान पार्टी के कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि यह लगातार 5वां उपचुनाव है जो छत्तीसगढ़ में कांग्रेस पार्टी की सरकार बनने के बाद हमारे प्रत्याशी ने जीत दर्ज की है।

यह जीत कांग्रेस की सरकार के 4 सालों के कामों पर जनता की मुहर है। यह भी कहा जा रहा था कि यह उपचुनाव 2023 का सेमीफाइनल होगा। इस जीत ने यह बता दिया है कि मुख्यमंत्री भुपेश बघेल लोकप्रिय नेता बन चुके हैं। यह प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम के मेहनत का भी फल है।

प्रदेश के आदिवासी समाज के साथ अन्य लोगों ने भी सरकारी योजनाओं पर अपनी सहमति जता दी है। जनता ने बीजेपी के दागी प्रत्याशी और प्रपंच को हराया है। हिमाचल प्रदेश की जीत पर कांग्रेस के नेता ने कहा कि हमने विकास पर वोट मांगा था तो जीत गए।

2018 विधानसभा चुनाव में तीन चौथाई से जीतने के बाद लगातार जनता का भरोसा कांग्रेस पार्टी के प्रति बढ़ता गया है। यह भरोसा 2023 के आम चुनाव में फिर से कांग्रेस की सरकार बनाकर जनता आर्शिवाद देगी। यह उपचुनाव भाजपा के प्रपंचों पर जनता का करारा जवाब है। भाजपा ने आदिवासी आरक्षण पर भ्रम फैलाने की कोशिश किया था। जनता इस बात को भली-भांति समझ रही थी।

आदिवासी आरक्षण भाजपा की पूर्ववर्ती सरकार के कारण कोर्ट में घटा। कांग्रेस की सरकार मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने विधानसभा में कानून बना कर आरक्षण बहाली के लिये रास्ता बनाया है। आरक्षण संशोधन विधेयक के विधानसभा में प्रस्तुत करते समय भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने जो आचरण दिखाया जनता ने उसका भी जवाब दिया।

प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के लिये भानुप्रतापपुर के उप चुनाव में अशोभनीय शब्दों का प्रयोग किया था इसलिए जनता रमन सिंह से नाराज थी, उसने भाजपा के खिलाफ मतदान किया। रमन सिंह इस चुनाव परिणाम के बाद भूपेश बघेल से माफी मांगे।

## भूपेश हैं तो मुमकिन है, चुनावी घोषणा काम कर गई

रायपुर हिमांचल प्रदेश में जीत के बिलकुल करीब पहुंच चुकी कांग्रेस पार्टी में इसकी बड़ी क्रेडिट मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के हिस्से आएगी। हिमांचल में पार्टी की ओर से चीफ ऑब्ज़र्वर भूपेश ही थे। सीएम भूपेश ने प्रचार के दौरान मुद्दों के जरिए विपक्षी को घेरने की कोशिश करते रहे और वे कामयाब भी हुए। इतना ही नहीं उनके मुताबिक पार्टी का मेनिफेस्टो भी तैयार किया गया था।

कांग्रेस के घोषणा पात्र में हिमांचल के लिए जो जनहितकारी एलान किया गया वह छत्तीसगढ़ की भूपेश सरकार के मुताबिक था। कांग्रेस ने युवाओं को 5 लाख नौकरी, महिलाओं को हर महीने 1500 रुपये देने का वादा और पहली कैबिनेट बैठक में 1 लाख लोगों को रोजगार देने का काम कर गया।

बता दें कि कांग्रेस ने महिलाओं को हर महीने 1500 रुपये देने का वादा किया है। कांग्रेस ने कहा है कि सरकार बनने पर पुरानी पेंशन स्कीम (ओपीएस) पर फिर काम करेंगे. कांग्रेस ने जनता को ओपीएस लागू करने, 300 यूनिट मुफ्त बिजली देने और 2 रुपये प्रति किलो गाय के गोबर की खरीद सहित 10 गारंटी देने का वादा किया है. इसके साथ ही कांग्रेस ने कहा कि फलों की कीमत बागवान ही तय करेंगे. युवाओं के लिए 680 करोड़ रुपये का स्टार्ट अप फंड बनाने का वादा किया है।

मुख्यमंत्री बघेल ने जो काम यहां किया वही उन्होंने हिमांचल प्रदेश चुनाव में भी किया था। जिसे वहां की जनता ने सराहा और कांग्रेस को जीत दिलाने के लिए मतदान भी किया। यह कहना अतिश्योक्ति नहीं कि पार्टी आलाकमान ने भूपेश पर जो भरोसा जताया था उसे सीएम श्री बघेल ने बरक़रार रखा। इसलिए हिमांचल में पीएम मोदी और बीजेपी का नहीं छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री का जादू चल गया। राजीव गांधी किसान न्याय योजना और किसानों को प्रति एकड़ एक निश्चित रकम में धान की कीमत 2600 रुपये क्विंटल से ज्यादा देने की बात ने करिश्मा किया।

## बढ़ रहा भूपेश बघेल का कद

भूपेश बघेल को हिमाचल प्रदेश में सीनियर ऑब्जर्वर, स्टार प्रचारक बनाए जाने के बाद हिमांचल में जीत का सेहरा पार्टी को पहनाने वाले साबित हो गए हैं। इसलिए कई क्षेत्रीय कांग्रेस नेताओं का कहना है कि भूपेश का कद पार्टी में राष्टीय स्तर पर बढ़ रहा है। हालांकि भूपेश बघेल की शैली बहुत आक्रामक नहीं है। वो मुद्दों के जरिए विपक्षी को घेरने की कोशिश करते हैं।

देश के बेस्ट सीएम में से हैं बघेल

बता दें कि हाल ही में आईएएनएस सी वोटर के सर्वे में छत्तीसगढ़ के सीएम भूपेश बघेल को देशभर के सीएम में से सबसे बेस्ट सीएम माना गया था। उनके खिलाफ लोगों की नाराजगी सबसे कम है। इसका भी प्रभाव हिमांचल की जनता पर सीधा पड़ा है। बता दें कि छत्तीसगढ़ की तर्ज पर ही कमोबेश सियासी और वोटरों की विचारधारा हिमांचल प्रदेश में भी है।

# कुंजाम की अध्यक्षता में 5 सदस्यीय समिति गठित

» आरक्षण पर बवाल के बीच तैयारियों में जुटा प्रशासन

» बनाई गई 5 सदस्यीय समिति,

» केडी. कुंजाम बनाए गए समिति के अध्यक्ष



**रायपुर, 08 दिसम्बर 2022(ए)।** छत्तीसगढ़ में आरक्षण के मुद्दे को लेकर बवाल जारी है। विधानसभा से पारित आरक्षण विधेयक भले ही राज्यपाल के पास अटकने के बाद इसे लागू करने की तैयारीयां तेज हो गई है। आरक्षण रोस्टर को नये सिरे से बनाने के लिए सामान्य प्रशासन विभाग-ने अफसरों की एक समिति बना दी है। वहीं, छत्तीसगढ़ सर्व आदिवासी समाज के पोटाई धड़े ने राज्यपाल से मुलाकात कर, उनको मिले आरक्षण में 10त्न का इजाफा करने की मांग को पेश किया है।

दअरसल सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव डॉ. कमलप्रीत सिंह ने राज्य सरकार और जिला कॉडर की भर्तियों का आरक्षण रोस्टर तय करने के लिए पांच अफसरों की एक समिति का गठन किया। त्र्रष्ठ के विशेष सचिव के.डी. कुंजाम को इस समिति का अध्यक्ष बनाया गया है।

खेल एवं युवा कल्याण विभाग के संयुक्त सचिव एम.डी. दीवान, स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त सचिव एम.आर. ठाकुर और योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग के संयुक्त सचिव जी.एल. सांकला को इसमें सदस्य बनाया गया है। इनके अलावा आदिम जाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान के अनुसंधान सहायक अधिकारी डॉ. अनिल कुमार विरुलकर भी इस समिति में सदस्य के तौर पर रखा गया है। समिति से कहा गया है कि, वह यथाशीघ्र अपनी रिपोर्ट सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव को दे। इससे पहले सरकार के संयुक्त सचिव केडी कुंजाम को आरक्षण फैसले के खिलाफ उच्चतम न्यायालय में दाखिल याचिका का नोडल अधिकारी बना चुकी है। सरकार के प्रतिनिधि के तौर पर कुंजाम की ओर से ही शपथपत्र आदि लगाया गया है। राज्य विधानसभा ने दो अक्टूबर को आरक्षण के अनुपात में संशोधन करते हुए दो विधेयक पारित किए। इसमें अनुसूचित जाति को 13प्रतिशत, अनुसूचित जनजाति को 32प्रतिशत और अन्य पिछड़ा वर्ग को 27प्रतिशत आरक्षण देने का प्रावधान है। सामान्य वर्ग के गरीबों को भी 4प्रतिशत आरक्षण दिया गया है। जिला कॉडर की नौकरियों में अनुसूचित जाति और जनजाति को संबंधित जिले में उनकी जनसंख्या के अनुपात में आरक्षण दिया जाना है। अन्य पिछड़ा वर्ग को उनकी जनसंख्या के अनुपात में लेकिन अधिकतम 27प्रतिशत तक आरक्षण मिलेगा। वहीं सामान्य वर्ग के गरीबों को भी जिलों में उनकी जनसंख्या के अनुपात में और अधिकतम 4त्न का आरक्षण मिलना है।



## नागपुर से बिलासपुर पहुंची वंदे भारत ट्रेन

**बिलासपुर 08 दिसम्बर 2022(ए)।** साउथ ईस्ट सेंट्रल रेलवे को नई और अत्याधुनिक वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन की सौगात मिल गई है। ट्रेन के परिचालन को लेकर युद्धस्तर पर तैयारी शुरू कर दी गई थी। एसईसीआर जोन के जोनल मुख्यायलय बिलासपुर में बुधवार देर रात वंदे भारत की पहली ट्रेन नागपुर से बिलासपुर पहुंची। संभावना जताई जा रही है आगामी 11 दिसंबर को पीएम नरेंद्र मोदी नागपुर से वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखा सकते हैं। रेलवे की आगामी योजना देशभर में नई और अत्याधुनिक वंदे भारत ट्रेन चलाने की है। इसी कड़ी में एसईसीआर से भी दो वंदे भारत ट्रेन का परिचालन किया जाना है। इसे लेकर ही यह ट्रेन बिलासपुर पहुंची है जिसकी पूरी तरह जांच परख कर इसे नागपुर भेजा जाएगा। नागपुर से बिलासपुर के बीच चलने के लिए पहली वंदे भारत ट्रेन चेन्नई से नागपुर और उसके बाद बिलासपुर पहुंच गई. सबसे जरूरी नागपुर से बिलासपुर तक साढ़े चार सौ किलोमीटर का सफर वंदे भारत ट्रेन सिर्फ साढ़े 5 घंटे में तय करेगी। ट्रेक को 130 किमी प्रतिघंटा की स्पीड के लिए अप्रूवल दे दिया गया है। बिलासपुर में वंदे भारत के रैक के मेंटनेंस के लिए यार्ड को भी तैयार किया गया है। ट्रेन के परिचालन के लिए रनिंग स्टाफ और अन्य रेलवे कर्मियों को विशेष ट्रेनिंग भी दी जा रही है।

# बीजेपी बोली कांग्रेस ने किया झूठा प्रचार



अरुण साव ने कहा...

**कांग्रेस ने झूठे प्रचार के दम पर चुनाव जीता, दुष्प्रचार के बावजूद भाजपा को मिला जनता का आशीर्वाद, जनादेश का सम्मान, जनता की आवाज बनकर जनहित के लिए काम करते रहेंगे**

**रायपुर, 08 दिसम्बर 2022(ए)।** छत्तीसगढ़ प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सांसद अरुण साव ने भानुप्रतापपुर उपचुनाव परिणाम पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि यह कांग्रेस की अनैतिक जीत है। नैतिक तौर पर कांग्रेस हार गई है। कांग्रेस ने चरित्र हत्या और सरकारी तंत्र का दुरुपयोग कर उपचुनाव तो जीत लिया। लेकिन स्पष्ट हो गया कि आदिवासी समाज अब कांग्रेस का साथ छोड़ता जा रहा है। आदिवासी समाज ने कांग्रेस का दावा खोखला साबित कर दिया है। चुनाव में भाजपा और निर्दलीय आदिवासी प्रत्याशी को जितने वोट मिले उतने वोट कांग्रेस प्राप्त नहीं कर पाई। यह स्पष्ट करता है कि कांग्रेस के विकास के दावों में सच्चाई नही है।प्रदेश भाजपा अध्यक्ष अरुण साव ने कहा कि कांग्रेस आदिवासी आरक्षण के नाम पर भ्रमित करने के बाद भी आदिवासी समाज का भरोसा नहीं जीत पाई। कांग्रेस की चारित्रिक हार तो प्रचार के दौरान ही हो गई थी। भानुप्रतापपुर उपचुनाव के परिणाम बता रहे हैं कि कांग्रेस की नैतिक हार हुई है। यह कांग्रेस की नहीं विशुद्ध सहानुभूति और कांग्रेस के अलोकतांत्रिक हथकंडों की जीत है। कांग्रेस ने प्रशासनिक अनैतिकता से आदिवासियों का हक छीना है।

# सिहावा विधायक लक्ष्मी ध्रूव की जमानत अर्जी मंजूर



**बिलासपुर , 08 दिसम्बर 2022(ए)।** सिहावा की कांग्रेस विधायक लक्ष्मी ध्रूव की अग्रिम जमानत की अर्जी हाईकोर्ट ने मंजूर कर ली है। विधायक लक्ष्मी ध्रुव पर लाभ के दोहरे पद पर रहने और गर्व इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी का सदस्य बनाने के नाम पर 32.50 लाख रुपये की ठगी करने का आरोप पूर्णिमा ठाकुर नामक महिला ने लगाया है। पुलिस ने इस मामले में एफआईआर दर्ज नहीं की तो पूर्णिमा ठाकुर ने दुर्ग जिला न्यायालय में परिवाद दायर किया था। इसके बाद कोर्ट के आदेश पर जुलाई में उनके विरुद्ध धारा 420 के तहत अपराध दर्ज किया गया। निचली अदालत में अर्जी खारिज होने के बाद उन्होंने अग्रिम जमानत के लिए हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी, जिसे मंजूर कर लिया गया।



## आखिरकार हटाए गए डीईओ खटकर

**रायपुर, 08 दिसम्बर 2022(ए)।** भेंट-मुलाकात कार्यक्रम के दौरान मिली शिकायत और समीक्षा बैठक में ष्टरू बघेल द्वारा की गई टिप्पणी के बाद गरियाबंद के डीईओ करमन खटकर को हटाकर मुख्यालय में पदस्थ कर दिया गया है।

रियाबंद जिले में शिक्षकों के तबादले में हुई गड़बड़ी की शिकायत लगातार मिल रही थी। इस बीच ष्टरू भूपेश बघेल के भेंट मुलाकात कार्यक्रम में शामिल होने के दौरान भी यह मुद्दा सामने आया। तब समीक्षा बैठक में ष्टरू को टिप्पणी करनी पड़ी कि एकल स्कूल से भी टीचर का तबादला करना पड़ा, कैसी चल रही है पढाई ? सीएम बघेल द्वारा इस दौरान दी गई समझाईश अधिकारियों को अच्छी तरह समझ में आ गई। यही वजह थी कि देर शाम तक गरियाबंद के डीईओ करमन खटकर को हटाने का आदेश जारी कर दिया गया। उन्हें प्रशासनिक तौर पर हटाने का उल्लेख करते हुए लोक शिक्षण संचालनालय में उप संचालक के बतौर पदस्थ किया गया है।




चौहान बनाये गए नए डीईओ

लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा आज सुबह ही एक और आदेश जारी करते हुए डीईओ रायपुर कार्यालय में पदस्थ सहायक संचालक डीएस चौहान को गरियाबंद डीईओ की जिम्मेदारी सौंपी गई है।डीएसचौहान को यह प्रभार अस्थाई रूप से सौंपते हुए डीईओ का डीडी पॉवर (आहरण संवितरण अधिकार) भी सौंपने का आदेश जारी किया गया है।

# बिना छुट्टी लिए गायब शिक्षकों की बनेगी सूची,डीपीआईके निर्देश




**रायपुर, 08 दिसम्बर 2022(ए)।** बिना अवकाश गायब शिक्षक पर अब बड़ा एक्शन होने वाला है। डीपीआई ने सभी संयुक्त संचालक, डीईओ, बीईओ और प्राचार्यों को निर्देश जारी कर दिया है। दरअसल लंबे समय तक बिना अवकाश स्वीकृत कराये शिक्षा विभाग के कर्मचारी बिना नियम प्रक्रियाओं का पालन किए ही ज्वाइन करा लिए जाते हैं। हैरानी की बात ये है कि इन शिक्षकों पर कार्रवाई के बजाय उनकी ज्वाइनिंग कराकर विभागीय अधिकारियों की तरफ से उनकी अनुपस्थिति अवधि को नियमित करने के लिए शासन स्तर पर पत्राचार किया जाता है। डीपीआई सुनील जैन ने इसे काफी गंभीर माना है।साथ ही निर्देश दिया है कि हर महीने अनाधिकृत रूप से गायब शासकीय सेवकों की समीक्षा की जाएगी। और जो शिक्षक , व्याख्याता और प्राचार्य संवर्ग के अनुपस्थिति की सूचना होगी, उसे डीपीआई को भेजी जायेगी।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफ्सेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No. CHHHIN/2004/15050,मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)